प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



बंगाल-एसआईआर पर विपक्ष के आरोप ग़लत साबित हुए पेज- 2

राजकीय आलू क्रय केंद्र खुला, 650. 09 रुपए की दर से होगी खरीद पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 141 | मंगलवार 12 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## क्या अब खर्च करने से पहले पीएम मोदी परमिशन लेनी होगी : जयराम रमेश

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील को लेकर





सियासी गलियारों में नई बहस छिड़ गई है। कांग्रेस ने इसे सिर्फ एक सामान्य संदेश मानने से इनकार करते हुए दावा किया है कि इसके पीछे आने वाले कठिन आर्थिक फैसलों की आहट छिपी हो सकती है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति सरकार के दावों और प्रचार से बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि अब हिसाब–किताब का समय आ गया है और आने वाले दिनों में महंगाई, ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी तथा खर्चों में कटौती जैसे सख्त कदम देखने को मिल सकते हैं, जिनके लिए माहौल तैयार किया जा रहा है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कटाक्ष किया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कल हैदराबाद से देशवासियों से की गई अपील के निम्नलिखित अर्थ हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति आधिकारिक आंकड़ों और प्रधानमंत्री तथा उनके साथियों द्वारा अब तक किए जा रहे दावों की तुलना में कहीं अधिक गंभीर है। ईंधन की कीमतों में वृद्धि सहित सख्ती से खर्च कम करने के उपायों का दौर आने वाला हो सकता है, और उन्हें अधिक स्वीकार्य बनाने के लिए माहौल तैयार किया जा रहा है। यह बात लंबे समय से स्पष्ट है कि जमीन पर आर्थिक हालात–जो वास्तविक मजदूरी में ठहराव, परिवारों पर बढ़ते कर्ज और रोजगार पैदा करने वाले निजी निवेश में गति की कमी जैसी स्थितियों में दिखाई देते हैं–मोदी सरकार के प्रचार से बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने युद्ध के प्रभाव और पश्चिमी एशिया में तनाव के बीच देशवासियों से विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई द्वारा आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने रविवार को कहा कि युद्ध के कारण पेट्रोल और उर्वरक की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। जब आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव होता है, तो संकट से निपटने के विभिन्न उपायों के बावजूद मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

## गुजरात के आणंद में भीषण एक्सीडेंट, 5 साल के बच्चे समेत चार लोगों की मौके पर मौत, मची चीखपुकार

(एजेंसी) आणंद। गुजरात के आणंद जिले में सोमवार सुबह एक राजमार्ग पर एक टेंपो के ट्रक से टकरा जाने के कारण उसमें सवार एक बच्चे और दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। तारापुर पुलिस थाने के निरीक्षक मयूर शर्मा ने बताया कि यह दुर्घटना तारापुर–बागोदरा राज्य राजमार्ग पर हुई। टेंपो सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गया। उन्होंने बताया कि हादसे में पांच वर्षीय एक बच्चे, दो महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, टेंपो में सवार लोग दाहोद से मजदूरी के लिए जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को तुरंत तारापुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय निवासियों का दावा है कि यह क्षेत्र दुर्घटना संभावित है, लेकिन अधिकारियों ने यहां कोई चेतावनी बोर्ड या संकेत नहीं लगाए थे।

# सुवेंदु कैबिनेट की पहली बैठक संपन्न, बीएसएफ को बाड़ के लिए जमीन

## -आयुष्मान भारत के कार्यान्वयन को मिली मंजूरी

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की नवगठित सरकार ने सोमवार को प्रशासनिक, सुरक्षा और जनकल्याण से जुड़े कई बड़े फैसलों की घोषणा करते हुए भारत–बंगलादेश सीमा पर कंटीले तार लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भूमि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया। राज्य सरकार ने अपनी पहली मंत्रिमंडल बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना सहित केंद्र सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने को भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने राज्य सचिवालय नवन्ना में मंत्रिमंडल बैठक के बाद कहा, ष्आज हमारी पहली कैबिनेट बैठक में हमने सीमा पर कंटीले तार लगाने के लिए बीएसएफ को भूमि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। अगले 45 दिनों के भीतर यह भूमि गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी। मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गयी है कि पूरी प्रक्रिया समय पर पूरी हो। इसके बाद बीएसएफ सीमा पर बाड़ लगाने का कार्य पूरा करेगी और अवैध घुसपैठ की समस्या का शीघ्र समाधान हो जाएगा। राज्य की बंगलादेश के साथ साझा 2216.7 किलोमीटर लंबी सीमा का बड़ा हिस्सा अब भी बाड़रहित है और भारत–बंगलादेश सीमा पर सीमा अवसंरचना निर्माण के लिए बीएसएफ को भूमि उपलब्ध कराना हालिया विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रमुख मुद्दों में शामिल



था। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया था कि वह जानबूझकर बीएसएफ को भूमि उपलब्ध नहीं करा रही थी, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस सक्रिय रूप से सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों का समर्थन कर रही थी, जिन्हें बाद में नौ सीमावर्ती जिलों में वोट बैंक में बदला गया। अधिकारी ने बेरोजगारी की समस्या कम करने के उद्देश्य से सरकारी नौकरियों में अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, हमने राज्य में सरकारी नौकरी के आवेदकों के लिए अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सुशासन, सुरक्षा और विकास को प्राथमिकता देगी तथा राज्य को केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं से अधिक निकटता से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा, राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं। सरकार बनाने के लिए जनता ने हम पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं उनका आभारी हूं। मुख्यमंत्री की ओर से की गयी प्रमुख घोषणाओं में राज्य का औपचारिक रूप से आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़ना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हमने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों से संपर्क कर सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करें। इस दौरान उनके साथ मंत्री दिलीप घोष, निशित प्रामाणिक, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किर्तनिया और क्षुदिराम टुडू उपस्थित थे। आयुष्मान भारत योजना के अलावा राज्य में जन आरोग्य योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, फसल बीमा योजना और उजाला योजना जैसी केंद्र सरकार की अन्य योजनाएं भी लागू की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार की भी घोषणा की। इसके तहत आईएएस अधिकारियों को केंद्रीकृत प्रशिक्षण प्रणाली से जोड़ने की योजना बनायी गयी है। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने राज्य की प्रक्रियाओं को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 के प्रावधानों के अनुरूप बनाने का निर्णय लिया। सीएम अधिकारी ने पूर्ववर्ती सरकार पर गृह मंत्रालय के जनगणना संबंधी निर्देशों के क्रियान्वयन में देरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आज हमने जनगणना प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रशासनिक आदेश जारी किया है। 11 महीने की देरी के बाद अब यह लंबित प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया, जनगणना प्रक्रिया को जानबूझकर रोका गया था। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री की परिसीमन प्रक्रिया और महिलाओं, विशेषकर माताओं एवं बहनों के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने की पहल को बाधित करना था। इसकी जांच के लिए तथ्य अन्वेषण समिति गठित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि मौजूदा सामाजिक कल्याण योजनाएं जारी रहेंगी, लेकिन पारदर्शिता बढ़ाने और दुरुपयोग रोकने के लिए कड़ी सत्यापन प्रणाली लागू की जाएगी। उन्होंने कहा, हम किसी भी गैर–भारतीय अथवा बेईमान व्यक्ति को पिछली व्यवस्था की खामियों का लाभ उठाकर इन योजनाओं का फायदा नहीं लेने देंगे। सब कुछ पारदर्शी होगा। नवगठित सरकार ने राजनीतिक हिंसा में मारे गए 321 भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों के प्रति भी समर्थन व्यक्त किया है। श्री अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक हत्याओं में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के दो दिन बाद सीएम अधिकारी ने राज्य सचिवालय नवान्न में कार्यभार संभाला, जहां उनका रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत किया गया। सुबह 11.08 बजे सफेद कुर्ता–पायजामा पहनकर नवान्न पहुंचे श्री अधिकारी का वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया। उन्हें औपचारिक सलामी दी गई तथा उन्होंने राज्य पुलिस के जवानों द्वारा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। सचिवालय में इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। अधिकारी वहां उपस्थित सभी लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन करते दिखाई दिए, जबकि टेलीविजन कैमरापर्सन और फोटो पत्रकार इस ऐतिहासिक अवसर के हर क्षण को कैमरे में कैद करने में जुटे रहे।

# पश्चिम एशिया में शांति नहीं, पीएम मोदी के बाद केंद्रीय मंत्री ने भी तेल बचाने और डब्लयूएफएच पर दिया जोर

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट ने भारत समेत तमाम देशों में स्थिति को विकट कर दिया है। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता से तेल बचाने, डब्लयूएफएच समेत सात अपील कीं। पीएम मोदी की अपील का समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी लोगों से इन पर ध्यान देने का अनुरोध किया। सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में संकट का सुलझना अभी दूर की बात है। ऐसे में सभी भारतीयों को प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर ध्यान देना चाहिए और जितना हो सके उतना सहयोग करना चाहिए। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भले ही भारत जैसे देश पश्चिम एशिया के हालात के लिए जिम्मेदार नहीं है, लेकिन इसका असर हमारे ऊपर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया



अभी बहुत ही ज्यादा उथल–पुथल वाले दौर से गुजर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पश्चिम एशिया में युद्ध विराम अभी दूर की कौड़ी लग रहा है। ऐसे में हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सरकार द्वारा किए जा रहे इस प्रयास में अपनी भूमिका को निभाए। मैं आप सभी से प्रधानमंत्री की राष्ट्र के नाम की अपील पर ध्यान देने का अनुरोध करता हूं। अपने घरों और व्यवसायों में जितना हो सके उतना अच्छा करने की कोशिश करें। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री की तरह से यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब कल रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से तेल को बचाने और सोने को कम खरीदने समेत सात अपील की थीं। प्रधानमंत्री ने तर्क दिया था कि इससे भारत के विदेश मुद्रा भंडार पर पड़ने वाले असर को कम किया जा सकता है। एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश से अपील की कि पश्चिम एशिया संकट की वजह से पूरी दुनिया आर्थिक संकट से जूझ रही है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। ऐसे में सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट, मेट्रो, बस और ट्रेन का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों ने कोरोना काल के दौरान ऐसे नियमों का पालन किया था। इसलिए एक बार फिर से ऐसे नियमों का पालन करना कठिन नहीं है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नागरिकों से विदेश मुद्रा भंडार को भी बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौजूदा संकट को देखते हुए देश को विदेशी मुद्रा को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें तय करना होगा कि जब तक यह संकट चल रहा है और हमारी देश भक्ति हमें ललकार रही है, तो कम से कम एक साल के के लिए हमें विदेशों में जाने की बातों को टालना चाहिए। भारत में बहुत सारी जगह हैं, हम वहां जा सकते हैं। पीएम ने कहा कि हमें विदेशी मुद्रा को बचाना होगा। इसके लिए जो भी रास्ते होंगे, हमें उन पर चलना होगा। इसके अलावा पीएम मोदी ने गोल्ड की खरीद को भी एक साल के लिए कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से भारत का बहुत सारा विदेशी मुद्रा भंडार कम होता ह। ऐसी स्थिति में हमें तय करना होगा कि आने वाले एक साल तक हम सोना नहीं खरीदेंगे।

# सनातन को मिटाने वाले खुद मिट गए, योगी ने विपक्ष पर साधा निशाना

(एजेंसी) वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वाराणसी में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ संकल्प महोत्सव में सनातन, सांस्कृतिक विरासत और मंदिर पुनर्स्थापना के मुद्दे को लेकर विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहम्मद गौरी से लेकर मुगल शासकों तक कई विदेशी आक्रांताओं ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मिटाने का प्रयास किया लेकिन वे भारत की आत्मा और सनातन चेतना को कभी समाप्त नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने बाबा विश्वनाथ के प्राचीन मंदिर को ध्वस्त कर गुलामी का ढांचा खड़ा किया था लेकिन वह भारत की आत्मा को नहीं तोड़ पाया। सनातन केवल मंदिरों की दीवारों तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत की चेतना और आत्मा में बसता है। सीएम योगी ने कहा, जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया, आज वे खुद मिट्टी में मिल चुके हैं। आज उन आक्रांताओं का नाम लेने वाला कोई नहीं है लेकिन काशी विश्वनाथ धाम



और सोमनाथ महादेव मंदिर भारत के स्वाभिमान और सांस्कृतिक गौरव की गाथा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की संकल्पना साकार होती दिखाई दे रही है। सोमनाथ मंदिर के पुनर्प्रतिष्ठा और सुंदरीकरण से लेकर काशी विश्वनाथ धाम, उज्जैन में महाकाल महालोक और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण तक, देश के पवित्र तीर्थस्थल अपने प्राचीन वैभव के साथ विकास की नई यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं। इन सभी कार्यों की प्रेरक शक्ति प्रधानमंत्री मोदी हैं और इसके लिए उत्तर प्रदेश की जनता उनकी आभारी है। सीएम योगी ने बिना नाम लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि दुर्भाग्य से आज भी कुछ शक्तियां भारत के आत्मगौरव और सांस्कृतिक प्रतीकों को आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहतीं। यही वे लोग थे जिन्होंने सोमनाथ मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा और श्रीराम मंदिर निर्माण में लगातार बाधाएं खड़ी करने का प्रयास किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आनंदीबेन पटेल ने काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर विधि–विधान से बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन किया और प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। त्रयंबकेश्वर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अतिथियों का स्वागत किया।

## पंजाब में 26 मई को होगा 104 स्थानीय निकायों का चुनाव, 8 नगर निगमों में भी मतदान

(एजेंसी) चंडीगढ़। पंजाब में नगर निकाय चुनावों का बिगुल बज गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त राज कमल चौधरी ने सोमवार को घोषणा करते हुए बताया कि राज्य के 104 स्थानीय निकायों, जिनमें आठ नगर निगम शामिल हैं, के लिए मतदान 26 मई को कराया जाएगा। मतगणना 29 में को कराई जाएगी। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया 13 मई से शुरू होकर 16 मई तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 18 मई को होगी, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 19 मई निर्धारित की गई है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने नामांकन दाखिल करने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने के आदेश भी दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य पहले ही पूरा कर लिया है और अंतिम वोटर सूची 5 मई को प्रकाशित कर दी गई थी। इन चुनावों को आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य में राजनीतिक माहौल गर्म है और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी विपक्ष के लगातार हमलों का सामना कर रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी रणनीति बनाने में लगी हुई है। सभी राजनीतिक दल अपने–अपने चुनाव चिन्ह पर चुनाव मैदान में उतरेंगे। माना जा रहा है कि नगर निकाय चुनावों में सभी प्रमुख दल पूरी ताकत झोंकेंगे और यह मुकाबला आगामी 2027 विधानसभा चुनावों की दिशा तय करने वाला साबित हो सकता है।

## वैज्ञानिकों की मेहनत से बना भारत का स्वाभिमान, पीएम मोदी का राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर संदेश

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों को देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी बताते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया है। पीएम मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, वर्ष 1998 में आज के दिन पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण ने दुनिया को भारत के अद्भुत



सामर्थ्य से परिचित कराया। हमारे वैज्ञानिक देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी हैं। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस दिन हम अपने वैज्ञानिकों की मेहनत और समर्पण को याद करते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर शुभकामनाएँ। हम गर्व के साथ अपने वैज्ञानिकों की कठोर मेहनत और समर्पण को स्मरण करते हैं, जिनके कारण वर्ष 1998 में पोखरण में सफल परीक्षण संभव हो सके। वह ऐतिहासिक क्षण भारत की वैज्ञानिक उत्कृष्टता और अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का एक प्रमुख स्तंभ बन चुकी है। यह नवाचार को गति दे रही है, अवसरों का विस्तार कर रही है और विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे रही है। हमारी निरंतर प्राथमिकता प्रतिभाओं को सशक्त बनाना, अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और ऐसे समाधान विकसित करना है जो राष्ट्रीय विकास तथा हमारे लोगों की आकांक्षाओं–दोनों की पूर्ति करें। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है, जो 1998 में पोखरण में हुए सफल परमाणु परीक्षणों (ऑपरेशन शक्ति) और भारत की तकनीकी प्रगति का प्रतीक है।

# सम्पादकीय

## कांग्रेस का फिर से वही पुराना बहाना

लोकसभा हो या फिर विधानसभा के चुनाव कांग्रेस का हर चुनाव में हार का सिलसिला बदस्तूर जारी है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि देखने वाली बात यह है कि हर चुनाव में शर्मनाक हार के बाद कांग्रेस की ओर से बस यही बहुत ही पुराना राग अलापा जाता है कि हम इस हार की समीक्षा करेंगे और नए सिरे से मेहनत करेंगे। वैसे कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि अगर कांग्रेस ने अपनी पिछली हार की


नफीस जाफरी

समीक्षा वास्तव में की होती तो कांग्रेस को यह दिन न देखने पड़ते। जैसा कि उसे पांच राज्यों के चुनावों खास तौर से असम और बंगाल मे देखने को मिले। जहां तक असम में कांग्रेस का सवाल है तो असम में कांग्रेस 126 में से सिर्फ 19 सीट ही जीत पाई है। लगातार तीसरा चुनाव है, जब कांग्रेस असम में इतना बुरा हारी है। इस हार की जिम्मेदारी गौरव गोगोई ने ली है। असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई ने गुवाहाटी में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हार की समीक्षा शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक आंतरिक समीक्षा प्रक्रिया शुरू कर दी है और चुनावी हार की पूरी जिम्मेदारी उनकी है। गौरव गोगोई ने कहा, हाल के विधानसभा चुनावों के नतीजे बेहद निराशाजनक हैं। मैं पहले ही कह चुका हूं कि मैं इस नतीजे की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। मैंने पार्टी हाईकमान को आगे की राह के बारे में भी अपनी बात बता दी है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस असम में संगठनात्मक ढांचे में बदलाव और भविष्य की रणनीति के बारे में सोच–समझकर फैसले लेगी। उन्होंने कहा, अब हम आगे की कार्रवाई के बारे में सोच–समझकर फैसला लेंगे, जिसमें संगठनात्मक ढांचे में बदलाव और अगले कदमों की रूपरेखा तैयार करना शामिल है। साथ ही, हमने एक आंतरिक समीक्षा प्रक्रिया शुरू कर दी है। हम पूर्व विधायकों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और नए विधायकों से बातचीत कर रहे हैं, ताकि उनकी राय जान सकें, जमीनी हकीकत को समझ सकें और यह तय कर सकें कि आगे क्या करने की जरूरत है। उनके अनुसार, पार्टी ने जिला–स्तर के नेताओं और वरिष्ठ सदस्यों से सलाह–मशविरा करके अपनी समीक्षा प्रक्रिया का दूसरा चरण शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, आज इस समीक्षा का दूसरा चरण है, जिसमें हम जिला–स्तर के नेताओं और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत कर रहे हैं। अगले एक महीने में, हमारा लक्ष्य 2026 के चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन के पीछे के मुख्य कारणों की पहचान करना है। बदरुद्दीन अजमल की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कि कांग्रेस अब मुस्लिम लीग जैसी हो गई है, गोगोई ने इस आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस अपने संवैधानिक मूल्यों और समावेशी विचारधारा के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हाल की चुनावी हार एक राजनीतिक चुनौती है, और हम इसका सामना पूरी जिम्मेदारी और सुधार के साथ करेंगे। गोगोई ने यह आरोप भी लगाया कि ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन जैसी पार्टियों ने असम में विपक्षी वोटों को बांटकर सीधे तौर पर भाजपा को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा, असम के बदलते राजनीतिक परि.श्य में, यह साफ है कि ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन जैसी पार्टियों ने, कई बार, वोटों को बांटकर भाजपा को परोक्ष रूप से फायदा पहुंचाया है। असम के लोग इस बात को अब ज्यादा से ज्यादा समझने लगे हैं। विपक्षी नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बारे में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की टिप्पणियों का जवाब देते हुए, गोगोई ने कहा कि कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने और जनता से फिर से जुड़ने पर ही ध्यान केंद्रित रखेगी। विपक्षी गठबंधनों के बारे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पांच गठबंधन सहयोगियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और उनमें से अधिकांश के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे, हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान कुछ लोग सत्ताधारी पार्टी के विचारों के ज़्यादा करीब नजर आए। उन्होंने कहा कि हम आत्म–मंथन करने, संगठन को फिर से खड़ा करने और असम की जनता के सर्वोत्तम हितों के लिए काम करने के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## लखनऊ पुलिस की बड़ी सफलता:उत्तरी जोन सर्विलांस सेल ने बरामद किए 101 गुमशुदा मोबाइल, 21 लाख की संपत्ति लौटाई

(संवाददाता) लखनऊ। राजधानी में गुम हुए मोबाइल फोन तलाशने के अभियान में कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस उपायुक्त उत्तरी जोन कार्यालय की सर्विलांस सेल ने अथक प्रयासों के बाद विभिन्न कंपनियों के 101 गुमशुदा मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रुपये बताई गई है। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस टीम की जमकर सराहना की।पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देश पर नागरिकों के खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तरी जोन थाना क्षेत्रों से मोबाइल गुमशुदगी के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को सर्विलांस पर लगाकर उनकी खोजबीन शुरू की गई थी।पुलिस उपायुक्त उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी और अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी ट्विंकल जैन के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल और क्राइम टीम ने तकनीकी विश्लेषण और लगातार निगरानी के माध्यम से गुमशुदा मोबाइलों की तलाश की। उ0नि0 दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न जनपदों और लखनऊ के अलग–अलग क्षेत्रों से कुल 101 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए।रविवार को पुलिस उपायुक्त उत्तरी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को सौंपे गए। लंबे समय से अपने मोबाइल फोन खो चुके लोगों ने जब अपने मोबाइल वापस पाए तो उनके चेहरे खिल उठे। नागरिकों ने पुलिस आयुक्त कार्यालय, पुलिस उपायुक्त उत्तरी और सर्विलांस टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे आमजन के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता और सक्रियता का उदाहरण बताया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में नागरिक तत्काल संबंधित थाने या ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे तकनीकी माध्यमों से जल्द से जल्द मोबाइल की ट्रैकिंग और बरामदगी संभव हो सके। कमिश्नरेट पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत पहुंचाई जा सके।

# बंगाल-एसआईआर पर विपक्ष के आरोप ग़लत साबित हुए


गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों में जिस तरीके से ऐतिहासिक परिवर्तन दिखा है। उसे लेकर कई तरह की चर्चा सियासी गलियारों में हो रही है। उसमें एक चर्चा ये भी है क्या असली खेला उन 91 लाख नामों ने कर दिया, जो चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट से गायब हो गए थे। दरअसल, चुनाव आयोग ने चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया था, जिसके तहत राज्य भर में करीब 91 लाख नाम हटाए गए थे। सबसे ज्यादा नाम मुर्शिदाबाद, उत्तर 24 परगना, मालदा, नदिया और दक्षिण 24 परगना जैसे जिलों से कटे. जब नतीजे आए, तो इन कटे हुए नामों और सीटों की जीत–हार के बीच एक दिलचस्प कनेक्शन देखने को मिला। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव से पहले भारी राजनीतिक विवाद खड़ा हुआ था। तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि यह प्रक्रिया अल्पसंख्यक और गरीब मतदाताओं को सूची से बाहर करने की कोशिश है। राज्य भर में विरोध प्रदर्शन हुए, चुनाव आयोग पर सवाल उठाए गए और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया गया। लेकिन चुनाव के बाद सामने आए आंकड़े एक अलग तस्वीर पेश कर रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, जिन विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के दौरान सबसे ज्यादा अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाए गए, वहां अंततः बड़ी संख्या में नए योग्य मतदाता भी जोड़े गए और कई सीटों पर वही दल जीते जिन्होंने इस प्रक्रिया का सबसे ज्यादा विरोध किया था। इससे यह बहस फिर तेज हो गई है कि क्या एसआईआर को लेकर फैलाई गई आशंकाएं वास्तविकता से ज्यादा राजनीतिक थीं। आयोग के आंकड़ों के अनुसार एसआईआर में सबसे अधिक नाम मालदा और मुर्शिदाबाद क्षेत्र की सीटों पर हटाए गए। सुजापुर में 1.50 लाख, रघुनाथगंज में 1.30 लाख, समसेरगंज में 1.25 लाख, रतुआ में 1.23 लाख और सूती में 1.20 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए। चुनाव से पहले इन्हीं इलाकों को लेकर सबसे ज्यादा राजनीतिक बयानबाजी हुई थी। विपक्ष ने दावा किया था कि लाखों वैध मतदाताओं को हटाया जा रहा है। लेकिन अंतिम नतीजों में इन पांच में से सभी सीटों पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की। दिलचस्प बात यह है कि एसआईआर के बाद नाम जोड़ने की प्रक्रिया में भी इन्हीं इलाकों में सबसे ज्यादा नए मतदाता शामिल हुए। आंकड़ों के मुताबिक, सुजापुर में 1.14 लाख नए मतदाता जोड़े गए, जबकि रानीनगर में 75 हजार, हरिश्चंद्रपुर में 74 हजार, चांचल में 72 हजार और रतुआ में 71 हजार नए मतदाता जुड़े। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता थे जिनके दस्तावेज या सत्यापन प्रारंभिक चरण में अधूरे थे, लेकिन बाद में प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें दोबारा शामिल कर लिया गया। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इन आंकड़ों से यह धारणा कमजोर पड़ती है कि एसआईआर केवल एकतरफा विलोपन की कवायद थी। यदि ऐसा होता तो उन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पुनः नाम जोड़ना संभव नहीं होता। इसके अलावा, जिन सीटों पर भारी विलोपन हुआ, वहां भाजपा नहीं बल्कि तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस को चुनावी लाभ मिला। इससे विपक्ष के उस आरोप पर भी सवाल उठते हैं कि एसआईआर का उद्देश्य किसी विशेष दल को फायदा पहुंचाना था। दूसरी तरफ, जिन सीटों पर सबसे कम विलोपन हुआ, वहां भाजपा का प्रदर्शन मजबूत रहा। सबंग, खेजुरी, भगवानपुर, रायपुर और कतुलपुर में केवल 8 से 9 हजार के बीच नाम हटाए गए और इन सभी सीटों पर भाजपा विजयी रही। जिन क्षेत्रों में सबसे कम नए नाम जुड़े, उनमें कृष्णानगर दक्षिण, गोसाबा, .ष्णानगर उत्तर, रायपुर और नारायणगढ़ शामिल हैं और इन सीटों पर भी भाजपा ने जीत दर्ज की। यह पैटर्न इस चुनाव का सबसे बड़ा राजनीतिक संकेत



माना जा रहा है। जिन क्षेत्रों में मतदाता सूची में भारी बदलाव हुआ, वहां भाजपा को अपेक्षित लाभ नहीं मिला. जबकि अपेक्षा.त स्थिर मतदाता सूची वाले इलाकों में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा। इससे यह भी संकेत मिलता है कि एसआईआर का चुनावी प्रभाव केवल विलोपन या जोड़ने तक सीमित नहीं था, बल्कि स्थानीय राजनीतिक समीकरण, उम्मीदवार और मतदान प्रतिशत भी निर्णायक रहे। मतदान प्रतिशत के आंकड़े भी कई महत्वपूर्ण संकेत देते हैं। भांगड़, कैनिंग पूर्वा, सितलकुची, मिनाखां और हरोआ में 97 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज हुआ। इनमें भांगड़ में एआईएसएफ, जबकि बाकी सीटों पर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा को जीत मिली। खास बात यह रही कि भारी मतदान वाले इलाकों में विपक्ष की यह आशंका सही साबित नहीं हुई कि मतदाता सूची संशोधन के कारण लोग मतदान से वंचित रह जाएंगे। महिला मतदान प्रतिशत के आंकड़े भी उल्लेखनीय रहे। रघुनाथगंज में महिला मतदान 97. 93 प्रतिशत रहा, जबकि सितलकुची, भगवांगोला, कैनिंग पूर्वा और भांगड़ में भी 97 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने मतदान किया। इनमें अधिकांश सीटों पर तृणमूल कांग्रेस को सफलता मिली। वहीं सबसे कम मतदान वाले क्षेत्रों में दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और कर्सियांग जैसी पहाड़ी सीटें शामिल रहीं, जहां भाजपा ने जीत दर्ज की. इन सीटों पर कुल मतदान 82 से 84 प्रतिशत के बीच रहा। चुनाव परिणामों में करीबी मुकाबले भी देखने को मिले. राजारहाट न्यू टाउन सीट भाजपा ने केवल 316 वोटों से जीती, जबकि सतगाछिया में जीत का अंतर 401 वोट रहा। इन नतीजों ने दिखाया कि पश्चिम बंगाल का चुनाव केवल बड़े नैरेटिव का नहीं बल्कि बूथ स्तर के प्रबंधन और मतदाता संपर्क का भी चुनाव था। वहीं दूसरी ओर, कुछ सीटों पर भारी अंतर से जीत दर्ज हुई। माटीगाड़ा–नक्सलबाड़ी में भाजपा ने 1.04 लाख वोटों से जीत हासिल की, जबकि डाबग्राम–फुलबाड़ी और इंग्लिश बाजार में भी भाजपा को बड़ी बढ़त मिली। दूसरी तरफ कैनिंग पूर्वा और मेटियाब्रुज में तृणमूल कांग्रेस ने विशाल जीत दर्ज की। पूरे चुनाव के आंकड़ों को देखने पर एक बात स्पष्ट होती है कि एसआईआर को लेकर जो राजनीतिक तूफान खड़ा किया गया था, वास्तविक चुनावी तस्वीर उससे कहीं अधिक जटिल रही। भारी विलोपन वाले क्षेत्रों में पुनः बड़ी संख्या में मतदाता जुड़े, मतदान प्रतिशत बहुत ऊंचा रहा और विपक्षी दलों ने भी वहां जीत हासिल की। इससे चुनाव आयोग को यह कहने का अवसर मिला है कि प्रक्रिया का उद्देश्य केवल मतदाता सूची को अपडेट करना था, न कि किसी वर्ग को बाहर करना। हालांकि विपक्ष अब भी यह सवाल उठा रहा है कि यदि इतनी बड़ी संख्या में नाम बाद में जोड़े गए तो शुरू में नाम हटाने की जरूरत क्यों पड़ी। लेकिन आंकड़े यह जरूर दिखाते हैं कि एसआईआर का असर राजनीतिक विमर्श में जितना बड़ा दिखाई दिया, चुनावी नतीजों में उसका प्रभाव उतना सीधा और एकतरफा नहीं रहा।

# भारतीय राजनीति का नए दौर में प्रवेश


फरीद वारसी

2026 के विधानसभा चुनाव नतीजों ने देश की राजनीति में एक बड़ा ट्रेंड साफ कर दिया है। क्षेत्रीय पार्टियों की पकड़ लगातार कमजोर हो रही है और मतदाता तेजी से राष्ट्रीय दलों खासकर भारतीय जनता पार्टी की ओर झुकते दिख रहे हैं। पश्चिम बंगाल में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की 15 साल पुरानी सत्ता का अंत और तमिलनाडु में डीएमके की अप्रत्याशित हार इस बदलाव का सबसे बड़ा संकेत है। तमिलनाडु में जहां नई पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम ने राजनीति में दमदार एंट्री की, वहीं यह भी साफ हुआ कि पारंपरिक क्षेत्रीय राजनीति पार्टियों का प्रभाव पहले से कमजोर हुआ है। विदित हो कि देश की राजनीति एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। जिन राज्यों में कभी क्षेत्रीय दलों का दबदबा अटूट माना जाता था, वहां अब राष्ट्रीय दल तेजी से जगह बना रहे हैं। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका, केरल में वामपंथ का पतन, बिहार में आरजेडी की कमजोर होती पकड़ और तमिलनाडु में नई राजनीतिक ताकतों का उभार यह संकेत दे रहे हैं कि मतदाता अब सिर्फ क्षेत्रीय अस्मिता नहीं, बल्कि शासन, विकास, नेतृत्व और स्थिरता को भी महत्व दे रहा है। इसका सबसे बड़ा असर इंडिया गठबंधन पर पड़ सकता है, क्योंकि उसके कई घटक दल एक–दूसरे के खिलाफ ही चुनाव लड़ते हैं। भारत की राजनीति लंबे समय तक दो बड़े दौरों से गुजरी. पहला दौर था कांग्रेस के राष्ट्रीय वर्चस्व का। दूसरा दौर आया क्षेत्रीय दलों के उभार का। लेकिन अब ऐसा लगता है कि देश तीसरे दौर में प्रवेश कर चुका है, जहां मतदाता स्थानीय पहचान के साथ–साथ राष्ट्रीय स्थिरता के बीच नया संतुलन ढूंढ रहा है। पिछले कुछ वर्षों से देश की राजनीति में एक बदलाव दिख रहा था, जो तब तो धुंधला था पर अब तेजी से अधिक स्पष्ट दिखाई देने लगा है। पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, बिहार, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के राजनीतिक संकेत बता रहे हैं कि क्षेत्रीय दलों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो रहा है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भारत में क्षेत्रीय राजनीति का स्वर्णकाल खत्म हो रहा है? या फिर क्षेत्रीय दलों को खुद को नए दौर के हिसाब से बदलना होगा? पश्चिम बंगाल को लंबे समय तक दिल्ली की राजनीति से अलग राज्य माना जाता था। पहले वामपंथ और फिर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने यहां अपनी मजबूत पकड़ बनाई। लेकिन अब तस्वीर बदलती दिख रही है। विधानसभा चुनाव 2026 के प्रचार के दौरान और नतीजे आने के बाद जानकारों ने विस्तार से बताया है कि कैसे वहां भाजपा ने अपनी पकड़ बनाई और तृणमूल कांग्रेस कमजोर होती चली गई। जानकार बंगाल में बदलाव को केवल सत्ता परिवर्तन के नजरिए से न देखकर सत्ता विरोधी लहर, भ्रष्टाचार के आरोप, बेरोजगारी और राजनीतिक हिंसा के खिलाफ जमा लोगों के गुस्से के परिणाम के रूप में भी देख रहे हैं। इतना ही नहीं वहां राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी को भी सीटें मिली हैं जो बंगाल क्षेत्रीय दलों के नेतृत्व पर कम होते भरोसे को दर्शाता है। ममता बनर्जी की राजनीति हमेशा बंगाल बनाम बाहरी के नैरेटिव पर टिकी रही। लेकिन इस चुनाव में युवा मतदाताओं को इस भावनात्मक राजनीति से आगे बढ़ते देखा गया।



अगर बंगाल ने एक बड़ा संदेश दिया है तो केरल का संकेत उससे भी अधिक गहरा है। यहां बेशक एलडीएफ और यूडीएफ के बीच सत्ता का संघर्ष चलता आया है लेकिन यही वो राज्य है जहां अब तक वामपंथी सरकार बची हुई थी। पर इस चुनाव ने केरल में लंबे समय से मजबूत माना जाने वाला वामपंथ का किला ध्वस्त होते हुए देखा है। यह केवल चुनावी हार ही नहीं बल्कि वैचारिक संकट को बचाने की हार भी दिखती है। वामपंथ मजदूर राजनीति, ट्रेड यूनियन और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर टिका रहा है लेकिन नई अर्थव्यवस्था, डिजिटल राजनीति और युवा आकांक्षाओं के दौर में उसका पुराना ढांचा कमजोर पड़ता दिख रहा है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ की वापसी में यह भी दिखता है कि भ्रष्टाचार, भाई–भतीजावाद और नेतृत्व केंद्रीकरण जैसे आरोपों ने वाम मोर्चे को नुकसान पहुंचाया और सत्ता विरोधी लहर देखी गई। इंडिया गठबंधन की राजनीति शुरू से ही एक विरोधाभास पर टिकी रही। दिल्ली में जो दल साथ दिखाई देते हैं, वे कई राज्यों में एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं। केरल में कांग्रेस और वामपंथ आमने–सामने हैं। बंगाल में कांग्रेस, वामदल और तृणमूल के बीच भरोसे का संकट है। पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी प्रतिस्पर्धी हैं। कश्मीर में भी स्थानीय दलों की अलग–अलग प्राथमिकताएं हैं। यानी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोध की राजनीति, स्थानीय स्तर पर सीट और वोट की लड़ाई में उलझ जाती है। यही वजह है कि इंडिया गठबंधन अभी तक एक मजबूत वैकल्पिक नैरेटिव नहीं बना पाया। बिहार लंबे समय तक मंडल राजनीति का केंद्र रहा। लालू प्रसाद यादव और फिर तेजस्वी यादव ने सामाजिक न्याय की राजनीति को नई पहचान दी। लेकिन अब बिहार में भी बदलाव के संकेत दिखाई दे रहे हैं। युवा मतदाता अब सिर्फ जातीय पहचान से प्रभावित नहीं हो रहा। रोजगार, माइग्रेशन, शिक्षा और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दे ज्यादा महत्वपूर्ण बन रहे हैं। अगर आरजेडी अपने पारंपरिक यादव–मुस्लिम समीकरण से बाहर नहीं निकल पाती, तो उसके सामने लंबी चुनौती खड़ी हो सकती है। भाजपा और जेडीयू लगातार "विकास" बनाम "पुरानी राजनीति" का नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। तमिलनाडु लंबे समय तक द्रविड़ दलों का गढ़ रहा। डीएमके और एआईएडीएमके के बीच सत्ता घूमती रही। लेकिन अब यहां भी नई राजनीतिक शक्तियां उभरने लगी हैं। अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके की चर्चा लगातार बढ़ रही है। वहीं भाजपा भी वोट शेयर बढ़ाने की कोशिश कर रही है। इसका मतलब यह नहीं कि द्रविड़ राजनीति खत्म हो रही है। लेकिन इतना जरूर है कि अब तमिलनाडु में भी मतदाता नए विकल्प देखना चाहता है। ओडिशा में नवीन पटनायक और आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं ने क्षेत्रीय राजनीति को मजबूत बनाया। लेकिन इन राज्यों में भी अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या करिश्माई नेतृत्व के बाद पार्टी उतनी ही मजबूत रह पाएगी? ओडिशा में भाजपा की बढ़ती ताकत ने बीजेडी के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। वहीं आंध्र में गठबंधन राजनीति ने वाईएसआरसीपी को मुश्किल में डाला। इससे यह स्पष्ट तो होता है कि सिर्फ एक चेहरे के बूते राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। पहले भाजपा को हिंदी पट्टी की पार्टी माना जाता था। लेकिन अब वह बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी विस्तार की कोशिश कर रही है। भाजपा स्थानीय नेतृत्व को राष्ट्रीय नैरेटिव से जोड़ती है। डबल इंजन सरकार, वेलफेयर योजनाएं, हिंदुत्व और मजबूत नेतृत्व का मिश्रण उसे कई राज्यों में फायदा देता है। हालांकि भाजपा के सामने भी चुनौतियां हैं। दक्षिण भारत में उसकी स्वीकार्यता अभी सीमित है। कई राज्यों में उसे स्थानीय चेहरों की कमी महसूस होती है। लेकिन इतना साफ है कि भाजपा ने क्षेत्रीय दलों के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगानी शुरू कर दी है। भारत जैसा विविधता से भरा देश पूरी तरह और सिर्फ राष्ट्रीय राजनीति के भरोसे नहीं चल सकता। भाषा, संस्कृति, क्षेत्रीय पहचान और स्थानीय मुद्दे हमेशा महत्वपूर्ण रहेंगे। उन्हें परिवारवाद, भ्रष्टाचार और सिर्फ पहचान आधारित राजनीति से आगे बढ़ते हुए नई पीढ़ी के विकास, रोजगार के एजेंडे पर काम करना और अपने कामों को लेकर पारदर्शी रहना होगा। जो क्षेत्रीय दल खुद को बदल लेंगे, वे टिकेंगे। जो सिर्फ पुराने समीकरणों पर निर्भर रहेंगे, उनके लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आज का युवा मतदाता नब्बे के दशक वाला मतदाता नहीं है। वह सोशल मीडिया से प्रभावित है। राष्ट्रीय मुद्दों से जुड़ा है. राज्य और केंद्र दोनों को साथ देखकर वोट करता है। पहले जहां क्षेत्रीय पहचान निर्णायक होती थी, अब आकांक्षी राजनीति ज्यादा महत्वपूर्ण हो रही है। आज का मतदाता पूछता है कि नौकरी कहां है? निवेश कहां है? इन्फ्रास्ट्रक्चर कितना बेहतर हुआ? सरकार कितनी जवाबदेह है? यही बदलाव भारतीय राजनीति की दिशा बदल रहा है। और बहुत संभव है कि आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति राष्ट्रीय और क्षेत्रीय की सीधी लड़ाई न हो। बल्कि यह स्थानीय नेतृत्व और राष्ट्रीय नैरेटिव के युग्म की राजनीति होगी. जो दल दोनों को संतुलित कर पाएंगे, वही सफल होंगे। अगर इंडिया गठबंधन को भाजपा के सामने मजबूत चुनौती बनना है, तो उसे सिर्फ भाजपा विरोध से आगे बढ़कर देश के सामने साझा राजनीतिक विजन देना होगा। वहीं भाजपा के लिए भी यह जरूरी होगा कि वह सिर्फ चुनावी विस्तार नहीं, बल्कि स्थानीय सामाजिक संतुलन और क्षेत्रीय संवेदनशीलता को भी समझे। लेकिन इतना जरूर है कि बंगाल से केरल तक जो संकेत दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने यह साफ कर दिया है कि भारतीय राजनीति बदलाव के एक नए दौर में जरूर प्रवेश कर चुकी है।

# उत्तर प्रदेश: आत्मनिर्भर भारत की रक्षा शक्ति का नया केंद्र

शहजाद पूनावाला

ऑपरेशन सिंदूर को एक साल पूरा हो चुका है। जिस ऑप्रेशन ने आतंक के नैटवर्क को करारा जवाब दिया, उसने एक बात बिल्कुल साफ कर दी–आज उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा निर्माण क्रांति का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। देश आज हमारी सेना के शौर्य का जश्न मना रहा है लेकिन उन फैक्ट्रियों, मिसाइल यूनिट्स और डिफैंस कॉरिडोर को भी पहचान मिलनी चाहिए, जो उत्तर प्रदेश की धरती पर तेजी से खड़े हो रहे हैं। ये सिर्फ उद्योगों का विकास नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी सफलता की कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार ने इस सपने को जमीन पर उतारने का काम किया है। पी.एम. मोदी ने डिफैंस कॉरिडोर का विजन दिया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगातार सहयोग दिया और योगी आदित्यनाथ ने उसे तेजी से लागू किया। आज उत्तर प्रदेश डिफैंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 बड़े केंद्र–आगरा, अलीगढ़, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट–देश की रक्षा ताकत को नई ऊंचाई दे रहे हैं। यहां 35,000 करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश पर तेजी से काम चल रहा है। जनवरी 2026 तक 12,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाएं शुरू हो चुकी थीं। राज्य सरकार ने बड़ी जमीन उपलब्ध कराई है और रक्षा क्षेत्र में निवेश के लिए विशेष सुविधाएं भी दी हैं। अब उत्तर प्रदेश सिर्फ फैक्ट्रियां नहीं बना रहा, बल्कि युद्ध में काम आने वाले आधुनिक हथियार तैयार कर रहा है। लखनऊ आज ब्रह्मोस मिसाइल और भारी रक्षा उपकरणों का बड़ा केंद्र बन चुका है। यहां बनी ब्रह्मोस मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी ताकत दिखाई। अलीगढ़ छोटे हथियार, ड्रोन, इलैक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और रक्षा उपकरणों का बड़ा हब बन रहा है। कानपुर गोला–बारूद, मिसाइल, बुलेटप्रूफ जैकेट और रक्षा सामग्री के निर्माण में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं आगरा और चित्रकूट को एयरोस्पेस और प्रिसीजन इंजीनियरिंग के लिए विकसित किया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश में आध्टलरी शैल, ड्रोन, बुलेटप्रूफ जैकेट और एडवांस कम्युनिकेशन सिस्टम बनाए जा रहे हैं। ऑप्रेशन सिंदूर में इस्तेमाल हुए कई ड्रोन और अन्य सिस्टम इसी कॉरिडोर से आए थे, जिन्होंने सेना को रियल टाइम जानकारी और ऑप्रेशन में मदद दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस डिफैंस कॉरिडोर को सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग तक सीमित नहीं रखना चाहते। उनका लक्ष्य इसे 'नॉलेज कॉरिडोर' बनाना है, जहां रिसर्च और टैक्नोलॉजी भी साथ–साथ आगे बढ़े। इसी दिशा में व्यमतंजपवद पदकवववत, न्जजंत च्तंकमेी, कममिदेम चवूमत वि मस–तमसपंदज प्दकपं, क्मिदेम ब्वततपकवत के साथ मिलकर ड्रोन टैक्नोलॉजी के लिए सैंटर ऑफ एक्सीलैंस बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पास देश की 56 प्रतिशत कुशल कार्यशक्ति और लगभग 96 लाख एम.एस.एम.ईज का विशाल नैटवर्क है, जो इसे रक्षा निर्माण के लिए सबसे मजबूत राज्य बनाता है। राज्य में 21,000 से ज्यादा स्टार्टअप्स भी शुरू हुए हैं, जो ए. आई., रोबोटिक्स, ड्रोन, सैमीकंडक्टर और डाटा सैंटर जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। इनमें से कई अब रक्षा क्षेत्र से भी जुड़ रहे हैं। इस पूरी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रही है डबल इंजन सरकार का तालमेल। प्रधानमंत्री मोदी ने विजन दिया, राजनाथ सिंह ने केंद्र से मजबूत सहयोग दिया और योगी आदित्यनाथ ने जमीन पर उसे हकीकत बना दिया। ऑप्रेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर देश को यह समझना चाहिए कि लखनऊ की ब्रह्मोस मिसाइलें, अलीगढ़ के ड्रोन, कानपुर का गोला–बारूद और उत्तर प्रदेश में बने अन्य रक्षा उपकरण आयात नहीं किए गए थे। ये भारत में बने थे और बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश में बने थे। यही आत्मनिर्भर भारत की असली तस्वीर है। आज उत्तर प्रदेश सिर्फ देश की रक्षा यात्रा में हिस्सा नहीं ले रहा, बल्कि उसका नेतृत्व कर रहा है। आने वाले समय में यह राज्य सिर्फ भारत की जरूरतें पूरी नहीं करेगा, बल्कि दुनिया के मित्र देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करने वाला बड़ा केंद्र भी बनेगा। चुनौतियां अभी भी हैं, लेकिन दिशा साफ है और रफ्तार मजबूत। ऑप्रेशन सिंदूर के एक साल बाद आज उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर और शक्तिशाली भारत की सबसे मजबूत रक्षा शक्ति बनकर खड़ा है। भारत के रक्षा निर्माण का भविष्य अब उत्तर प्रदेश की धरती से उभर रहा है।

# प्रेम प्रसंग के बाद महिला की हुई शादी का दर्दनाक अंत

## - देवर ने भाभी की हत्या कर खुदको घर में बन्द कर शव को बनाया बंधक
## - पुलिस की मोजूदगी में चला हाई वोल्टेज ड्रामा
## - हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। देवर ने भाभी की हत्या कर खुदको घर में बन्द करते हुए म्रत्क महिला के शव को बंधक बनाया, हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्यारे के कब्जे से महिला के शव को छुड़ाने का प्रयास किया। निसार खान ने समझदारी सूझबूझ का परिचय देते हुए हत्यारे को पकड़ा। पुलिस की मोजूदगी में घटनास्थल पर हत्या को लेकर डेढ़ घंटा चला हाईवोल्टेज ड्रामा। प्रेम प्रसंग के बाद महिला की हुई शादी का दर्दनाक अंत नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। रविवार की देर शाम समय लगभग 7 बजे के बाद थाना ननौता के मोहल्ला चामंजलि कोट निवासी सलमान पुत्र इकलाख द्वारा थाने पर सूचना दी गई कि उसके भाई आमिर द्वारा उसकी पत्नी सना नाज की हत्या कर दी गई है और वह फावड़ा लिए घर में खड़ा है, किसी को घर में घुसने नहीं दे रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचा तो हत्यारा फावड़ा हाथ में लिए महिला के शव के



सर की और खड़ा था और पुलिस व स्थानीय लोगो को धमकी दे रहा था कि यदि किसी ने मेरे पास आने की कोशिश की तो वह महिला को काट देगा क्योंकि दूर से यह कहना मुश्किल था कि महिला जिन्दा है या मृतक अवस्था में है इसी के डर कोई हत्यारे को आगे बढ़कर पकड़ने से डर रहा था। इसी जद्दोजहद के बीच चेयरमैन अफजाल खान के भाई निसार खान मौके पर पहुंचे और हत्यारे से बात करते करते उसके करीब पहुंचे जैसे ही निसार खान हत्यारे के पास पहुंचा तो हत्यारे ने चरपाई पर लेटी महिला के सर पर फावड़े से एक हमला और किया जिसको निसार खान ने अपने हाथ पर रोका ओर हत्यारे आमिर को पकड़ लिया जैसे ही निसार ने आमिर को पकड़ा तेजी के साथ होमगार्ड जिशान खान होमगार्ड नसीर खान एसएसआई जितेन्दर कुमार थाना प्रभारी नवीन कुमार सैनी ने हत्यारे को दबोचा और थाना लेजाकर हवालात में बन्द किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गंगोह अशोक सिसोदिया भी मौके पर पहुंचे। मौके पर सना नाज मृत अवस्था में मिली जिसके सर से खून बह चुका था तकिये पर खून मिला जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि कातिल ने सर पर गहरी चोट मारी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा एंव थाना नानौता पुलिस ने घटना स्थल घर का बारीकी से निरिक्षण किया। इस दौरान घर के अन्दर का कुछ सामान बिखरा नजर आया व महिला के शव के पास गैस सिलेंडर रखा मिला जिसका चूल्हे से पाइप निकाला हुआ था और कुछ कपड़े सिलेंडर के पास पड़े मिले जिसको देख अंदाजा यह लगाया गया। यदि पुलिस आने में देर करती तो महिला के शव को जलाया भी जा सकता था। करीब डेढ़ घंटे चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद स्थानीय लोगो ने बताया। आमिर के पापा सऊदी अरब काम करते है। आमिर की माँ घर से बहार गई हुई थी। आमिर पंजाब के किसी शहर में फल बेचने का काम करता है। वह पिछले तीन दिन से टेंशन में घूम रहा था। आमिर नशे का भी आदि है। हत्या के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची थी तो वह उस समय भी नशे की हालत में लग रहा था या वह सना नाज की हत्या कर घबरा रहा था जिससे वह बहकी बहकी बाते कर रहा था। आस–पास स्थानीय लोगो का कहना है कि आमिर दोपहर से ही घर में बन्द था शायद उसने अपनी भाभी की हत्या दोपहर बाद की हो। घटनास्थल पर पहुंची मर्तक सना नाज की माँ इसराना ने जानकारी देते हुए बताया मेरी बेटी सना ने करीब 6 महीने पहले घर से निकल कर हत्यारे के भाई सलमान से लव मेरिज की थी शादी के बाद सलमान व सना किराये के मकान में रह रहे थे। अभी कुछ दिनों पहले ही सलमान व सना अपने माता पिता के मकान में रहने लगे थे। इस बीच घर में क्या विवाद हुआ इसकी जानकरी नही है सना शादी के बाद लगभग पांच महीने की गर्भवती थी। पुलिस का बयान इस सारे प्रकरण का हवाला देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी व क्षेत्राधिकारी गंगोह अशोक सिसोदिया ने बताया सलमान पुत्र इकलाख द्वारा थाने पर सूचना दी गई कि उसके भाई आमिर द्वारा उसकी पत्नी सना नाज की हत्या कर दी गई है और वह फावड़ा लिए घर में खड़ा है। किसी को घर में घुसने नहीं दे रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचा तथा हत्यारे आमिर को मौके से पकड़ा गया। मौके पर सना नाज की मृत्यु हो गई थी, जिसके शरीर, गर्दन व पेट पर फावड़े की चोटें थीं। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। मृतका के पिता मोहम्मद आशिक की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजी.त करके आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मृतका सना नाज की करीब छह माह पूर्व सलमान से लव मैरिज हुई थी। इसके परिजन भी उसी मोहल्ले में नजदीक ही रहते हैं। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# फसल बचाव व अनुदान योजनाओं की जानकारी देगा प्रचार वाहन

न्यूज वाणी ब्यूरो/धामपुर–बिजनौर। धामपुर चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों को रोग एवं कीट नियंत्रण के प्रति जागरूक करने तथा मिल की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को एक प्रचार वाहन को रवाना किया गया। चीनी मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष गन्ना संजीव कुमार तथा



विभागाध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रचार वाहन मिल क्षेत्र के सभी गांवों में पहुंचकर किसानों को गन्ने की फसल को रोगों और कीटों से बचाने के उपायों की जानकारी देगा। इसके साथ ही किसानों को चीनी मिल की ओर से पेस्टिसाइड, .षि यंत्रों पर दिए जा रहे अनुदान तथा गन्ना विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि किसानों को आधुनिक खेती और फसल सुरक्षा तकनीकों से जोड़ना मिल का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक मनोज चौहान, उप प्रबंधक दिनेश राजपूत, सहायक प्रबंधक राजेश कुमार, लविश कुमार, संजीव शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# आम के पेड़ पर चढ़ा गुलदार, इलाके में दहशत

## – वन विभाग ने शुरू किया रेस्क्यू अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो/मंडावर, बिजनौर। पेट्रोल पंप के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब लोगों ने एक गुलदार को आम के पेड़ पर चढ़ा देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। गुलदार काफी देर तक पेड़ पर बैठा रहा, जिससे आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुलदार अचानक खेतों की ओर से आता दिखाई दिया और भागते हुए सड़क किनारे खड़े आम के पेड़ पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही मंडावर थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग के अधिकारियों ने इलाके की घेराबंदी कर लोगों को पेड़ के पास जाने से रोक दिया। रेस्क्यू टीम गुलदार को सुरक्षित पकड़ने के प्रयास में जुटी रही। अधिकारियों का कहना है कि भीड़ और शोर–शराबे की वजह से गुलदार सहमा हुआ है, इसलिए लोगों से दूरी बनाए रखने की अपील की गई है। एहतियात के तौर पर आसपास के रास्तों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। गुलदार को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। वन विभाग का कहना है कि गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा जाएगा। फिलहाल टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए।

# सांसद आवास के बाहर महिलाओं का प्रदर्शन, पांच दिन तक चलेगा धरना

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद के धामपुर क्षेत्र स्थित गांव जैतरा आवास के बाहर सोमवार को भाजपा से जुड़ी महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना दिया और महिला हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लीना सिंघल, उमेश चौहान, हेमलता चौहान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि संसद में महिला विधेयक से जुड़े मुद्दे पर सांसद द्वारा अपनाए गए रुख से महिलाओं की भावनाएं आहत हुई हैं। महिलाओं ने इसे महिला सम्मान और अधिकारों के खिलाफ बताते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। धरने पर बैठी महिलाओं ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के मुद्दे पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनप्रतिनिधि महिलाओं के हितों की अनदेखी करेंगे तो जनता इसका जवाब देगी। नगर महासचिव नागेश्वर दयाल गहलोत और पूर्व नगर मंत्री यशवीर सिंह गीतम ने बताया कि धामपुर विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं द्वारा शुरू किया गया यह विरोध कार्यक्रम लगातार पांच दिनों तक चलेगा। उन्होंने बताया कि नगीना लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों की महिलाएं अलग–अलग दिनों में सांसद आवास के बाहर धरना देंगी। मंगलवार को नगीना विधानसभा क्षेत्र की महिलाएं सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक विरोध प्रदर्शन करेंगी। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम की जानकारी होने के बावजूद सांसद आवास पर मौजूद नहीं थे। महिलाओं का कहना था कि सांसद को बाहर आकर उनकी बात सुननी चाहिए थी। वहीं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी महिलाओं का अपमान नहीं किया और वह हमेशा महिलाओं के सम्मान व अधिकारों के पक्ष में खड़े रहे हैं। सांसद का कहना था कि नीतिगत



फैसलों में वह देशहित को सर्वोपरि मानते हैं। सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने भी सांसद के बयान का समर्थन किया।

# पीएम के नेतृत्व में देश संस्कृति व आस्था केंद्रों को पुनरुद्धार कर रहा : अभिलाष

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमवार को क्षेत्र के गौरी शंकरन शिवालय हमीदपुर बड़ागांव में भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश अपनी धार्मिक और सांस्:तिक विरासत को पुनर्जीवित कर रहा है। इसी प्रकार ऊंचाहार के गौरी शंकरन मंदिर का पुनरुद्धार ऊंचाहार विधायक डॉ मनोज



पांडेय ने करवाकर स्थानीय धार्मिक विरासत को विकसित करने का काम किया है। इससे मंदिर में हवन पूजन किया गया। यहां बड़ा आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों लोग उत्सव का हिस्सा बने। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता आशीष तिवारी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने कहा हमारे मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं हमारी पहचान हैं, ये हमारा आत्मविश्वास है। द्वादशज्योतिरलिंगों में प्रथम सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं ने अनगिनत हमले किए, लूटा गया। इसके बावजूद पूरे आत्मविश्वास के साथ धार्मिक आस्था बढ़ती गई। पीएम मोदी ने हमारी धार्मिक विरासत को पुनर्जीवित करके देश के आत्मविश्वास को पुनर्जागृत किया है। ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री ने कहा कि गौरी शंकरन भोलेनाथ की विशेष .पा हमारे विधायक जी पर है और आज उन्हीं की .पा से राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में आसीन हुए है। इस आयोजन में प्रमुख रूप मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, बुदुन पांडेय, रीना पाल, विनीत कौशल, विनय शुक्ल, अमरेश यादव, राजेंद्र तिवारी बाबा, अनुभव सिंह, सूरज तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। इसके अलावा खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह, महेंद्र सिंह यादव ने भी पूजा अर्चना करके समारोह का हिस्सा बने।

# सीडीओ के नाम पर रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल, जांच कमेटी गठित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। सोशल मीडिया पर रिश्वतखोरी से जुड़ा एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कथित तौर पर एक कर्मचारी अधिकारियों के नाम पर पैसे मांगता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई है। वायरल वीडियो में दो लोगों के बीच बातचीत सुनाई दे रही है। बातचीत के दौरान एक व्यक्ति किसी काम के बदले 40 हजार रुपये से कम न लेने की बात कह रहा है। वह यह भी कहता सुनाई दे रहा है कि पैसा उसकी जेब में नहीं जाएगा, बल्कि बड़े अधिकारियों तक पहुंचेगा। बातचीत में सीडीओ समेत अन्य अधिकारियों का नाम भी लिया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि इस संबंध में पहले भी आईटीआई प्राचार्य से मौखिक शिकायत की गई थी, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार वायरल वीडियो करीब तीन वर्ष पुराना बताया जा रहा है। वहीं, सीडीओ के नाम पर रिश्वत मांगने को लेकर दो दिन पहले लिखित शिकायत भी दी गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने जांच शुरू करा दी है। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है। समिति को एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पात्र लाभार्थियों को ही मिले शादी अनुदान योजना का लाभ : डीएम

## - लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण व व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना




की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, लंबित आवेदनों के निस्तारण तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद में योजना के अंतर्गत 1200 लाभार्थियों का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित है तथा इसके लिए 120 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। योजना के तहत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। अब तक कुल 221 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 70 आवेदन स्वी.त, 11 आवेदन अस्वी.त तथा 140 आवेदन लंबित हैं। पीएफएमएस सर्वर पर 38 आवेदन स्वी.त एवं 183 आवेदन लंबित बताए गए। मार्च माह में प्राप्त आवेदनों एवं प्रस्तावित शादियों की संख्या 79 रही। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजना का लाभ केवल पात्र लाभार्थियों को ही दिया जाए तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति को लाभान्वित न किया जाए। उन्होंने आय, जाति प्रमाण पत्र एवं आयु संबंधी अभिलेखों का सत्यापन पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए ताकि पात्र आवेदकों को समय पर सहायता मिल सके।

# मिशन शक्तिअभियान के तहत बलरई पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बलरई पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना बलरई की मिशन शक्ति टीम ने बीएसटी इंटर कॉलेज में पहुंचकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल रहे। इस दौरान पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव को लेकर भी विस्तार से जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने की सलाह दी गई।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

## विलुप्त होती लोक वाद्य परंपरा को सहेजने की पहलः 'संपदा' कार्यक्रम में अलगोजा वादन का हुआ अभिलेखीकरण

(संवाददाता) लखनऊ। उत्तर प्रदेश की समृद्ध लोक संगीत परंपराओं और विलुप्तप्राय लोक वाद्यों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान तथा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में "संपदा" कार्यक्रम के अंतर्गत विलुप्त होती अलगोजा वादन परंपरा के अभिलेखीकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी स्टूडियो, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ में संपन्न हुआ।उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोक संगीत और पारंपरिक वाद्य परंपराओं का दस्तावेजीकरण कर उन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश में कई पारंपरिक लोक वाद्य विलुप्ति के कगार पर हैं, ऐसे में उनका अभिलेखीकरण और संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है।कार्यक्रम में मथुरा के प्रसिद्ध लोक कलाकार सुखवीर और हरप्रसाद ने अलगोजा एवं चंग वादन की पारंपरिक शैली का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कलाकारों ने अपने वादन के माध्यम से ब्रज क्षेत्र की सांगीतिक विरासत, लोक संवेदनाओं और पारंपरिक धुनों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों, संगीत प्रेमियों और शोधार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर अलगोजा वादन और लोक संगीत परंपरा पर केंद्रित एक विशेष साक्षात्कार सत्र भी आयोजित किया गया। कलाकारों का साक्षात्कार उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित नाहर ने लिया। बातचीत के दौरान अलगोजा वादन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी तकनीकी विशेषताओं, वर्तमान समय में सामने आ रही चुनौतियों तथा नई पीढ़ी तक इस परंपरा को पहुंचाने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में मौजूद कला प्रेमियों, शोधार्थियों और संगीत अनुरागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लोक कला और वाद्य परंपराओं के संरक्षण के लिए इस प्रकार के प्रयास समय की जरूरत हैं। उन्होंने इसे सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी और सार्थक कदम बताया।संस्थान के अधिकारियों के अनुसार, "संपदा" कार्यक्रम के माध्यम से भविष्य में भी प्रदेश की अन्य विलुप्तप्राय लोक कलाओं और वाद्य परंपराओं का अभिलेखीकरण कर उन्हें संरक्षित करने की दिशा में कार्य जारी रहेगा।

## नाबालिग को भगाकर शादी करने वाला युवक गिरफ्तारः छह माह बाद पीड़िता की बरामदगी के बाद बीकेटी पुलिस ने दबोचा आरोपी

(संवाददाता) लखनऊ। राजधानी के बख्शी का तालाब (बीकेटी) थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने और उससे शादी करने के मामले में पुलिस ने छह माह से फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मुखबिर की




सूचना पर शिवपुरी–कठवारा मार्ग स्थित रणबाबा पुलिया के पास से दबोचा गया। पुलिस ने उसके कब्जे से शादी का प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और शादी से संबंधित फोटो भी बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।पुलिस के अनुसार, मामले की शुरुआत 1 नवंबर 2025 को हुई थी, जब पीड़िता के पिता ने थाना बीकेटी में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा लिया गया है और उसके साथ शादी कर ली गई है। शिकायत के आधार पर थाना बीकेटी में मुकदमा संख्या 461/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस टीम लगातार किशोरी और आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में 6 मई 2026 को पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर लिया। पीड़िता की बरामदगी के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय रूप से तलाश अभियान तेज कर दिया।सोमवार सुबह बीकेटी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मामले में वांछित आरोपी शिवपुरी–कठवारा मार्ग पर रणबाबा के पास पुलिया के निकट मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान विपिन पाल उर्फ नितिन (22) पुत्र सुदर्शन पाल निवासी ग्राम पियरी पोस्ट बिहट, थाना रामकोट, जनपद सीतापुर के रूप में बताई। आरोपी ई–रिक्शा चालक बताया जा रहा है।पुलिस के मुताबिक, आरोपी के पास से शादी का प्रमाण पत्र, आईडी प्रूफ और शादी से संबंधित फोटो बरामद हुई हैं, जिन्हें साक्ष्य के तौर पर कब्जे में लिया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए जुर्म कबूल किया और माफी मांगने की बात कही।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी मुकदमे में वांछित था, जिसके चलते उसे नियमानुसार हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।इस कार्रवाई को थाना बीकेटी पुलिस टीम ने अंजाम दिया, जिसमें उपनिरीक्षक विपिन कुमार उपाध्याय और कांस्टेबल मन्दीप कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि महिला और बच्चों से जुड़े अपराधों के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा फरार आरोपियों को हर हाल में गिरफ्तार किया जाएगा।

## सोमनाथ से काशी तक सनातन विरासत का हो रहा पुनर्जागरण, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साकार हो रहा 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत': मुख्यमंत्री योगी

(संवाददाता) वाराणसी/लखनऊ। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत वाराणसी में आयोजित 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से देश में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना साकार रूप ले रही है। उन्होंने कहा कि आज देश के प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक तीर्थस्थल अपने गौरव और वैभव के साथ विकास की नई यात्रा पर अग्रसर हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि सौराष्ट्र में भगवान सोमनाथ महादेव मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा और सुंदरीकरण, काशी में काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण, उज्जैन में महाकाल महालोक की स्थापना और अयोध्या धाम में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य भारत की सनातन परंपरा के पुनर्जागरण का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक स्थलों का विकास नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और आस्था के सम्मान का अभियान है।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेशवासियों की ओर से वह प्रधानमंत्री का अभिनंदन करते हैं, जिनकी प्रेरणा से देश अपनी सांस्कृतिक विरासत को नए स्वरूप में विश्व के सामने प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की आध्यात्मिक पहचान और विकास की गति साथ–साथ आगे बढ़ रही है।

## सतत विकास लक्ष्यों को शिक्षा, शोध और सामाजिक सरोकारों से जोड़ रहा बीबीएयू, 'ग्रीन एवं क्लाइमेट रेजिलिएंट कैंपस' बनने की ओर बढ़ा विश्वविद्यालय

(संवाददाता) लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को संस्थागत व्यवस्था, शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान, नवाचार, सामाजिक सहभागिता और प्रशासनिक नीतियों में प्रभावी रूप से समाहित करने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन इसे केवल एक औपचारिक प्रक्रिया न मानकर सामाजिक उत्तरदायित्व, संस्थागत पारदर्शिता, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में देख रहा है। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध और सामाजिक सरोकारों को वैश्विक सतत विकास एजेंडा से जोड़ने की व्यापक रणनीति तैयार की है। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि विश्वविद्यालय में सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में चल रही पहल केवल एक रणनीतिक प्राथमिकता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और समावेशी विकास जैसे मूल्यों का प्रतिबिंब है। उनका कहना है कि शिक्षा, अनुसंधान और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से ऐसे नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की प्रतिबद्धता है, जो स्थानीय से वैश्विक स्तर तक सतत परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर सकें। विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को शिक्षित करना नहीं, बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से संवेदनशील, पर्यावरण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना भी है।विश्वविद्यालय ने अपने विजन के अनुरूप यह मान्यता दी है कि उच्च शिक्षण संस्थान केवल डिग्री प्रदान करने के केंद्र नहीं होते, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, नीति निर्माण, ज्ञान सृजन और सतत विकास के वाहक की भूमिका निभाते हैं। इसी सोच के तहत विभिन्न विभागों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, लैंगिक समानता, सामाजिक न्याय, ग्रामीण विकास और नवाचार जैसे विषयों पर केंद्रित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।सतत विकास लक्ष्य समिति के अध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने एसडीजी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दीर्घकालिक और



व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विभाग को उसकी विषयगत विशेषज्ञता के अनुरूप एसडीजी आवंटित किए गए हैं। विभागीय स्तर पर शिक्षकों को एसडीजी समन्वयक के रूप में नामित किया गया है, जबकि विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विभाग से एक छात्र और एक छात्रा को 'सस्टेनेबल एम्बेसडर' नियुक्त किया गया है। ये एम्बेसडर सतत विकास लक्ष्यों के प्रति जागरूकता फैलाने और गतिविधियों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएंगे।विश्वविद्यालय में एमपीडीसी के माध्यम से एसडीजी आधारित पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों में इन लक्ष्यों के प्रति बुनियादी समझ विकसित की जा सके। साथ ही प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एसडीजी लिट्रेसी मॉड्यूल शुरू करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को सतत विकास लक्ष्यों और संकेतकों के अनुरूप मैप किया जा रहा है। इसमें गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल, स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, नवाचार, जलवायु कार्रवाई और सामाजिक न्याय जैसे वैश्विक लक्ष्यों को प्रमुखता दी जा रही है।विश्वविद्यालय में अंतरविषयी और अनुभवात्मक शिक्षण पद्धति को बढ़ावा देते हुए फील्ड विजिट, सामुदायिक परियोजनाएं, केस स्टडी, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, जल प्रबंधन सर्वेक्षण और कृषि आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कौशल विकास, उद्यमिता और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देकर विशेष रूप से आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जा रहा है।शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय गरीबी उन्मूलन, सतत कृषि, जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, जैव–प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा और सामाजिक समावेशन जैसे विषयों पर शोध कार्यों को प्रोत्साहित कर रहा है। विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन और नवाचार केंद्रों के माध्यम से स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जहां सौर ऊर्जा, बायोफ्यूल, जल शुद्धिकरण, अपशिष्ट जल उपचार और पर्यावरणीय तकनीकों पर कार्य हो रहा है।लैब टू लैंड' दृष्टिकोण अपनाते हुए विश्वविद्यालय शोध को समाज से जोड़ने की दिशा में भी सक्रिय है। किसानों, ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों के लिए प्रशिक्षण, जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। किसान उत्पादक संगठनों, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन, बाजार संपर्क, पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता तथा विधिक जागरूकता शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं अर्ध–शहरी क्षेत्रों के विकास को गति देने का प्रयास किया जा रहा है।विश्वविद्यालय परिसर को 'ग्रीन एवं क्लाइमेट रेजिलिएंट कैंपस' के रूप में विकसित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण, ऊर्जा दक्षता, सौर ऊर्जा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त परिसर और हरित अवसंरचना जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही एसडीजी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष व्याख्यान, छात्र संवाद, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिताएं, क्विज, वाद–विवाद, पौधरोपण अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम और महिला सशक्तिकरण गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन भविष्य की कार्ययोजना के तहत एक एसडीजी हब स्थापित करने की तैयारी में है, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, शोध गतिविधियां और नवाचार आधारित कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जल संरक्षण, कार्बन न्यूट्रल परिसर, सौर ऊर्जा विस्तार, कौशल विकास और वैश्विक सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे।उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2015 में प्रस्तुत 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य वर्ष 2030 तक गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है। "लीव नो वन बिहाइंड" की अवधारणा पर आधारित यह वैश्विक एजेंडा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य करता है। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय इन्हीं लक्ष्यों को शिक्षा, शोध, नवाचार और सामाजिक सहभागिता के साथ जोड़कर एक समावेशी, आत्मनिर्भर और पर्यावरणीय रूप से संतुलित समाज की स्थापना की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

## देश आर्थिक संकट में है तो रोड शो क्यों, पहले भाजपा नेता करें त्याग': अजय राय का प्रधानमंत्री पर हमला

(संवाददाता) लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपीलों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि देश में आर्थिक संकट या आपात जैसी स्थिति है और जनता से एक वर्ष तक सोना न खरीदने तथा पेट्रोल–डीजल का सीमित उपयोग करने की अपील की जा रही है, तो ऐसे में प्रधानमंत्री खुद गुजरात में रोड शो क्यों कर रहे हैं।सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से संयम बरतने की अपील कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सबसे पहले भाजपा नेताओं से देशहित में योगदान देने की अपील करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में रहते हुए भाजपा नेताओं ने जनता की गाढ़ी कमाई की लूट की है और अब आम जनता से त्याग करने को कहा जा रहा है।प्रेस वार्ता में पूर्व विधान परिषद सदस्य विवेक बंसल और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वाइस चेयरमैन मनीष हिन्दवी भी मौजूद रहे।अजय राय ने कहा कि यदि वास्तव में संसाधनों की बचत आवश्यक है, तो प्रधानमंत्री को स्वयं अपने काफिले को छोटा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार रोड शो करते नजर आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में वाहन शामिल रहते हैं और पेट्रोल–डीजल की खपत होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री एक ओर जनता को बचत का संदेश दे रहे हैं, जबकि दूसरी ओर स्वयं बड़े आयोजन कर रहे हैं।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने वर्ष 1962 के भारत–चीन युद्ध का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय देश गंभीर सैन्य और आर्थिक संकट से गुजर रहा था। उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय रक्षा कोष के लिए अपने आभूषण दान कर उदाहरण प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा कि नेतृत्व की जिम्मेदारी होती है कि वह खुद उदाहरण पेश करे।अजय राय ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री लगातार झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं और चुनाव समाप्त होने के बाद देश की वास्तविक स्थिति सामने रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को संकट की जानकारी थी, तो चुनाव से पहले जनता को सच्चाई क्यों नहीं बताई गई। उनके अनुसार, कहीं न कहीं चुनाव प्रभावित होने का भय सरकार को रहा होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में महंगाई लगातार बढ़ी है। गैस सिलेंडर, खाद्य सामग्री और शिक्षा की बढ़ती लागत से आम लोग पहले ही परेशान हैं। अब प्रधानमंत्री की अपील का असर सर्राफा कारोबार, ट्रैवल एजेंसियों और अन्य व्यवसायों पर भी पड़ सकता है, जिससे लोगों की रोजी–रोटी प्रभावित होने की आशंका है।अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्राथमिकता देश की जनता से अधिक चुनाव जीतना प्रतीत होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पांच राज्यों के चुनाव समाप्त हो गए, तभी सरकार को संसाधनों की चिंता याद आई। उन्होंने कहा कि जनता अब यह समझने लगी है कि सरकार जो कहती है, उसका पालन स्वयं नहीं करती।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक दबाव से पहले ही जूझ रही है और ऐसे समय में सरकार की ओर से आई अपीलों ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।

## देशहित के हर फैसले पर राजनीति कर रही सपाः पंकज चौधरी

(संवाददाता) लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी और उसके नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष को अब देशहित के हर निर्णय में राजनीति दिखाई देने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब देश वैश्विक चुनौतियों के बीच आत्मनिर्भरता, संसाधनों के संरक्षण और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रहा है, तब समाजवादी पार्टी जैसे दल जनता को भ्रमित करने और नकारात्मक राजनीति करने में लगे हैं।पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ऊर्जा बचत, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, अनावश्यक खर्चों में संयम और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की है। यह किसी प्रकार की कमजोरी नहीं, बल्कि जिम्मेदार और दूरदर्शी नेतृत्व की पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों को साझी जिम्मेदारी का संदेश दिया है, लेकिन समाजवादी पार्टी इसे भी राजनीतिक नजरिए से देखकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। कोरोना महामारी, वैश्विक आर्थिक मंदी और अंतरराष्ट्रीय बाजार की अस्थिरता के बावजूद देश ने विकास की गति बनाए रखी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, स्टार्टअप, रक्षा उत्पादन, रेलवे, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और मेट्रो जैसे क्षेत्रों में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है और दुनिया भारत के निर्णायक नेतृत्व तथा स्थिर नीतियों की सराहना कर रही है।उन्होंने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनके शासनकाल में उत्तर प्रदेश बिजली संकट, भ्रष्टाचार, दंगों, माफियावाद और खराब कानून व्यवस्था से जूझ रहा था, वे आज सुशासन और अर्थव्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। जनता भूली नहीं है कि समाजवादी पार्टी के शासन में प्रदेश की पहचान अपराध और दंगों से जुड़ गई थी, निवेशक प्रदेश में आने से डरते थे और बेटियां असुरक्षित महसूस करती थीं।पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन, किसानों को किसान सम्मान निधि, महिलाओं को उज्ज्वला योजना और युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर देने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है और आज दुनिया भारत की बात गंभीरता से सुनती है।उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के बयान उनकी राजनीतिक हताशा और निराशा को दर्शाते हैं। लगातार चुनावी हार के बाद समाजवादी पार्टी मुद्दाविहीन हो चुकी है और केवल सुर्खियां बटोरने के लिए राष्ट्रीय मुद्दों पर बयानबाजी कर रही है। उन्होंने विपक्ष से राष्ट्रहित के मुद्दों पर सकारात्मक सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनता अब विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व की राजनीति को समर्थन दे रही है।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाला युवक गिरफ्तार, वीडियो वायरल करने की देता था धमकी

(संवाददाता) लखनऊ । राजधानी के सैरपुर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से एक नाबालिग बालिका से दोस्ती कर उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। स्वाट/सर्विलांस टीम (डीसीपी उत्तरी) और थाना सैरपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को किसान पथ क्षेत्र से दबोचा गया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त वीवो कंपनी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।पुलिस के अनुसार, 10 मई 2026 को करीब 15 वर्षीय नाबालिग बालिका द्वारा थाना सैरपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए एक युवक ने उससे दोस्ती की और बाद में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। शिकायत के आधार पर थाना सैरपुर में मुकदमा संख्या 47/2026 धारा 74/351(3)/352 बीएनएस, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 3/5(1), आईटी एक्ट की धारा 67 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मामला दर्ज किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त उत्तरी के निर्देशन, अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी के पर्यवेक्षण और सहायक पुलिस आयुक्त अलीगंज के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। स्वाट/सर्विलांस टीम और थाना सैरपुर पुलिस इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी।

सोमवार को पुलिस टीम सैरपुर बाजार क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सोशल मीडिया के माध्यम से नाबालिग को धमकाने वाला युवक रैथा अंडरपास से चंद्रिका देवी मार्ग की ओर किसान पथ के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान शोएब उर्फ सौरभ सिंह (19) पुत्र सुबराती निवासी ग्राम कर्दा, थाना वजीरगंज, लखनऊ तथा वर्तमान पता मुस्लिम नगर, मस्जिद के निकट, थाना जानकीपुरम, लखनऊ के रूप में बताई। आरोपी पेशे से सैलून संचालक है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक वीवो मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर घटना में किया गया था।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी इंस्टाग्राम के माध्यम से नाबालिग लड़कियों से संपर्क करता था और धीरे–धीरे बातचीत बढ़ाकर उन पर मानसिक दबाव बनाता था। पुलिस के अनुसार, इस मामले में भी आरोपी ने कथित रूप से नाबालिग को धर्म परिवर्तन के लिए दबाव में लेने का प्रयास किया और मना करने पर उसकी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर भयभीत किया।पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की और न्यायालय में पेश किया। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थानों और जनपदों से जुटाई जा रही है।इस कार्रवाई में स्वाट/सर्विलांस टीम प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल अवधेश गिरी, नदीम, संतोष कुमार, अमित कुमार गौतम, कांस्टेबल विशेष दुहुण, राघवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ थाना सैरपुर के थानाध्यक्ष मनोज कुमार कोरी, महिला उपनिरीक्षक अनामिका सिंह, कांस्टेबल अरविंद कुमार वर्मा और राम निवास शामिल रहे।

## दहेज उत्पीड़न से तंग आ विवाहिता की आत्महत्या, पति और सास गिरफ्तार; वजीरगंज पुलिस की कार्रवाई

(संवाददाता) लखनऊ। राजधानी के वजीरगंज थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न से परेशान होकर विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मृतका के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को मुखबिर



की सूचना पर कुण्डरी, रकाबगंज क्षेत्र से पकड़ा गया। पुलिस ने दहेज हत्या और दहेज प्रताड़ना से संबंधित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, 10 मई 2026 को अयोध्या निवासी माता बक्श शर्मा ने थाना वजीरगंज में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री को उसके पति और ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि उत्पीड़न से तंग आकर उनकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।शिकायत के आधार पर थाना वजीरगंज में मुकदमा संख्या 107/2026 धारा 85/80(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।

सोमवार को थाना वजीरगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मामले में वांछित आरोपी अपने वर्तमान पते कुण्डरी, रकाबगंज क्षेत्र में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित शर्मा उर्फ पुरुषोत्तम (28) पुत्र स्वर्गीय चन्द्रकेश शर्मा निवासी ग्राम नसीपुर, थाना असन्दरा, जनपद बाराबंकी तथा उसकी मां शिवलली शर्मा (55) पत्नी स्वर्गीय चन्द्रकेश शर्मा के रूप में हुई है। दोनों वर्तमान में कुण्डरी, रकाबगंज, थाना वजीरगंज क्षेत्र में रह रहे थे।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने दहेज प्रताड़ना के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने कभी दहेज के लिए मृतका को प्रताड़ित नहीं किया और उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि उसने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया। हालांकि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।वजीरगंज पुलिस के अनुसार, दहेज उत्पीड़न और महिला अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस गिरफ्तारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक रजत सिंह, कांस्टेबल गोविन्द रमन गौड़ और महिला कांस्टेबल जयवन्ती की प्रमुख भूमिका रही।

# दोना-पत्तल मेकिंग मशीन योजना के लिए आवेदन शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित टूलकिट्स योजना के अंतर्गत मोटराइज्ड दोना–पत्तल मेकिंग मशीन वितरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026–27 के लिए जनपद में 08 मोटराइज्ड दोना–पत्तल मेकिंग मशीन वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत ऐसे व्यक्ति एवं महिलाएं आवेदन कर सकते हैं, जो इस उद्योग में रुचि रखते हों तथा कार्य करने के इच्छुक हों। आवेदनकर्ता की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 31 मई तक ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 24ए एसडी फील्ड में संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा मोबाइल नंबर 8299731094 एवं 9580503183 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# भाजपा की महिलाओं ने सांसद आवास का किया घेराव व धरना प्रदर्शन

## – भाजपा का महिला जन आक्रोश अभियान कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। नारी शक्ति अधिनियम का विपक्षी पार्टियों द्वारा विरोध किये जाने को लेकर भाजपा की महिलाओं ने बबेरू में सांसद आवास का घेराव किया। इस अवसर पर धरना प्रदर्शन करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के विरूद्ध




नारे लगाए स भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में महिलाओं ने मढ़ी दाई मंदिर बबेरू से जुलूस के रूप में सांसद .ष्णा पटेल के आवास की ओर प्रस्थान करते हुए विपक्षी पार्टियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और आवास के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि महिला आरक्षण लागू करने के लिए मोदी की केंद्र सरकार द्वारा बिल लाया गया था लेकिन सपा, कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने गैर जिम्मेदाराना रवैये के साथ इसके विरोध में मतदान किया। विपक्ष का यह .त्य महिला अधिकारों के प्रति घोर अन्याय है। देशभर की महिलाओं के मन में सपा, कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के प्रति गहरा आक्रोश है। बिल का विरोध करने वाले विपक्षी सांसदों के विरूद्ध भाजपा की महिलाओं ने उनके आवास पर घेराव व धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मंजू देवी, गीता श्रीवास्तव, शशिप्रभा मौर्य, .ष्णा देवी, उमा सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, सौरभ शिवहरे, रामनारायण पटेल, दिनेश निषाद, इन्द्रेश द्विवेदी सहित बबेरू, पवैया, मरका, कमासिन के सैकड़ों महिलायें शामिल रहीं।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं, शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों, प्रार्थना पत्रों के सम्बध में



सम्बन्धित अधिकारियों थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह उपस्थित रहें।

**प्रयागराज–दादरी–प्रयागराज विशेष रेलगाड़ी का अतिरिक्त ठहराव**

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की विशेष सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी सं. 02417/02418 प्रयागराज-दादरी-प्रयागराज विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) का **भरवारी** एवं **बिन्दकी रोड** स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| गाड़ी सं. | कहाँ से-कहाँ तक | स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव | समय | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 02417 | प्रयागराज-दादरी | भरवारी | 20:30-20:32 | 12.05.26 से 31.07.26 |
| 02417 | प्रयागराज-दादरी | बिन्दकी रोड | 22:15-22:17 | |
| 02418 | दादरी-प्रयागराज | बिन्दकी रोड | 05:40-05:42 | 12.05.26 से 01.08.26 |
| 02418 | दादरी-प्रयागराज | भरवारी | 07:35-07:37 | |

**नोटः गाड़ी संख्या 02418 दादरी-प्रयागराज** का फतेहपुर स्टेशन पर समय 06:08-06:10 बजे संशोधित किया गया है, जो प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक 12.05.2026 से 01.08.2026 तक प्रभावी रहेगा।

- ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1053/26 (ADM)

# खीरी में स्व-गणना का आगाज, ईओ ने संभाली कमान

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर–खीरी। भारत की आगामी जनगणना अब नए अवतार में हमारे सामने है। डिजिटल इंडिया की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए नगर पंचायत खीरी में स्व–गणना का शंखनाद हो चुका है। जनगणना की पारंपरिक पद्धति को पीछे छोड़ते हुए अब नागरिक खुद अपनी जानकारी डिजिटल पोर्टल पर दर्ज कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक मुहिम को सफल बनाने के लिए अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। जनगणना के प्रथम चरण के रूप में शुरू हुई यह प्रक्रिया 7 मई से प्रभावी है और 21 मई तक निरंतर चलेगी। इस दौरान नागरिकों के पास अवसर है कि वे बिना किसी त्रुटि के, घर बैठे अपने मोबाइल के माध्यम से अपना विवरण दर्ज करें। प्रशासन का मानना है कि इस बार ऑनलाइन दर्ज की गई जानकारी ही सबसे सटीक और अंतिम मानी जाएगी। जब जनता के बीच पहुँचे अधिकारी नगर पंचायत प्रशासन केवल कार्यालयों तक सीमित नहीं है। कस्बे के प्रत्येक मोहल्ले में विशेष जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं। इन कैंपों की खास बात यह है कि यहाँ तकनीकी टीम नागरिकों को पोर्टल चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रही है। अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार ने खुद गलियों में घूमकर जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने जनता को प्रेरित करते हुए कहा स्व–गणना केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास में आपकी सीधी भागीदारी है। यह समय की बचत तो करती ही है, साथ ही आपकी जानकारी की सटीकता भी सुनिश्चित करती है। हमारी टीमें आपकी सहायता के लिए हर समय तत्पर हैं। युवाओं से पड़ोसी की मदद की अपील अभियान के दौरान एक सराहनीय पहल करते हुए ईओ विनीत कुमार और अध्यक्ष प्रतिनिधि/पूर्व अध्यक्ष फहीम अहमद ने कस्बे के शिक्षित युवाओं से विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि तकनीक से दूर रहने वाले बुजुर्गों या कम पढ़े–लिखे नागरिकों की मदद के लिए युवा आगे आएं। यदि आप अपने पड़ोसी का डेटा भरने में मदद करते हैं, तो यह एक सच्ची राष्ट्र सेवा होगी। खीरी में उत्साह का माहौल नगर पंचायत की सक्रियता का असर जमीन पर दिखने लगा है। मोहल्ला दर मोहल्ला कर्मचारियों की टोलियां घर–घर जाकर मार्गदर्शन कर रही हैं। नागरिकों में भी इस डिजिटल बदलाव को लेकर खासा उत्साह है। फहीम अहमद के नेतृत्व में चल रहे इस जनजागरूकता अभियान ने यह सुनिश्चित किया है कि खीरी का कोई भी परिवार इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया से



वंचित न रह जाए। खीरी नगर पंचायत की यह मुस्तैदी न केवल जिले के लिए बल्कि प्रदेश के लिए एक मिसाल पेश कर रही है। अब गेंद जनता के पाले में है कि वे कितनी तत्परता से इस डिजिटल यज्ञ में अपनी आहुति देते हैं।

# 200 वर्षीय प्राचीन पार्श्वनाथ जैन मंदिर का शिलान्यास 21 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। मैनपुरी जिले के घिरोर में स्थित 200 वर्षीय प्राचीन अतिशयकारी एवं चमत्कारी पार्श्वनाथ भगवान जैन मंदिर के भव्य शिलान्यास समारोह को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 21 मई को आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। शिलान्यास कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के पदाधिकारी नगर में पहुंचकर जैन समाज के लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। समिति के प्रतिनिधियों में भुवनेंद्र जैन, विकास जैन, प्रांजल जैन, बीरू जैन एवं



साहिल जैन सहित अन्य समाजसेवी शामिल रहे। सभी ने जैन बाजार एवं लुधपुरा क्षेत्र में घर–घर जाकर श्रद्धालुओं को निमंत्रण पत्र वितरित किए और कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। इस दौरान जैन बाजार में आराध्य जैन, सुरेंद्र कुमार जैन, चेतन जैन तथा लुधपुरा क्षेत्र में प्रवीन जैन, अंजलि जैन, निक्के जैन, संजीव जैन बल्ले, देवेंद्र जैन, अभिनव जैन सहित अनेक समाजजनों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। मंदिर समिति के अनुसार यह ऐतिहासिक शिलान्यास समारोह मेडिटेशन संत उपाध्याय 108 विहसंत सागर महाराज के मंगल सानिध्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और श्रद्धालु इसे ऐतिहासिक आयोजन के रूप में देख रहे हैं।

# राजपुर में आयुष विभाग का चिकित्सा शिविर आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगला रामसुंदर आयुष्मान आरोग्य मंदिर की चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंदिनी गुप्ता द्वारा राजपुर बलरई में आयुष विभाग के आयुर्वेदिक



चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त शिविर में एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सालय सहकर्मी सत्यप्रकाश द्वारा मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां भी प्रदान की गईं। आयुष विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक नरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के उद्देश्य से विभाग द्वारा चलाए जा रहे 14 दिवसीय लाइव योगा क्लास अभियान के तहत योग प्रशिक्षक अनुज यादव एवं सहायक डोली द्वारा ग्रामीणों को योग के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आमजन का लाइव योगा क्लास के लिए पंजीकरण भी कराया गया तथा योग के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# साइबर ठगी के 70 हजार रुपए पीड़ित को वापस दिलाए

## - पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मिली बड़ी राहत

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यूपीआई माध्यम से साइबर फ्रॉड में निकाले गए 70 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में साइबर सेल टीम ने तत्परता दिखाते हुए शत–प्रतिशत धनराशि रिकवर कर पीड़ित को राहत दिलाई। जानकारी के अनुसार अभिषेक वर्मा पुत्र रामजी लाल निवासी नखासा थाना कोतवाली इटावा के खाते से यूपीआई माध्यम से 70 हजार रुपये साइबर ठगी के जरिए निकाल लिए गए थे। पीड़ित ने 21 अप्रैल को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के मार्गदर्शन में साइबर सेल टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलित किए तथा बैंक




अधिकारियों एवं पेमेंट गेटवे के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर धनराशि को एनसीआरपी पोर्टल पर होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू की। साइबर सेल को इसमें सफलता मिली और पीड़ित के पूरे 70 हजार रुपये होल्ड कराकर बाद में उसके खाते में वापस करा दिए गए। अपने रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक लोकेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल विजय कुमार, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार तथा कांस्टेबल ब्रजेश गोला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नेत्र शिविर में 127 मरीजों का हुआ निःशुल्क परीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विश्व हिन्दू परिषद एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में पीएनसी उत्सव गार्डन में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर विश्व हिन्दू परिषद के दो दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग कार्यक्रम के अंतर्गत




आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर नेत्र परीक्षण कराया। बालाजी धर्मार्थ आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा आयोजित शिविर में डॉ. एसके दुबे एवं डॉ. के.के. सक्सेना ने 127 मरीजों की आंखों की निःशुल्क जांच की। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। वहीं 22 जरूरतमंद मरीजों को चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र विशेष संपर्क प्रमुख अनिल दीक्षित, दुर्गा वाहिनी की क्षेत्र संयोजक कल्पना, जिला अध्यक्ष अमित दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. के.के. सक्सेना, जिलामंत्री भानू प्रताप सिंह तथा इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. हरीशंकर पटेल ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर को सफल बनाने में बालाजी धर्मार्थ आई हॉस्पिटल के स्टाफ सत्यम, मोनू दीक्षित, मनोज, विनीता सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# युवा संसद में प्रतिभाग करने पर इरम वारिसी सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड यूनिट द्वारा विकसित भारत युवा संसद में प्रतिभाग करने वाली इरम वारिसी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन कटरा सेवा कली स्थित एडवोकेट मोहम्मद फहीम अब्बास के आवास पर किया गया। इरम वारिसी, कौमी तहफुज कमेटी के संयोजक एवं सियासी अखाड़ा के संपादक खादिम अब्बास की पौत्री हैं। उनकी उपलब्धि पर संगठन के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड यूनिट इटावा के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने कहा कि इरम की सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि युवा संसद जैसे मंच युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ–साथ राष्ट्र निर्माण



की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर इरम वारिसी ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाती रहेंगी। वहीं मोहम्मद फहीम अब्बास ने कहा कि उनकी भतीजी ने इटावा जिले का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन किया है, जो पूरे परिवार और जिले के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में कानून सलाहकार असलम खान, वरिष्ठ पत्रकार इंतिजार अहमद खान, इमरान खान, इंसानी भाईचारा एवं प्रेम सद्भाव समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन भाई सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पेपर मिल कर्मी की संदिग्ध मौत, कमरे की दीवार तोड़कर निकाला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। नगीना रोड स्थित मोहित पेपर मिल में कार्यरत एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार नगीना क्षेत्र के गांव हकीकतपुर निवासी 31 वर्षीय लक्ष्मण सिंह पुत्र कल्याण सिंह मोहित पेपर मिल में मैकेनिकल फिटर के पद पर कार्यरत था और मिल परिसर में बने आवासीय कमरे में रहता था। रविवार सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर साथी कर्मचारियों को शक हुआ। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद कर्मचारियों ने कमरे की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर लक्ष्मण सिंह का शव बेड पर पड़ा मिला। कमरे में उल्टी के निशान भी मिले हैं। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल शुरू की। पुलिस के मुताबिक प्रथम .ष्टया मामला हार्ट अटैक या आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। घटना से मृतक के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# महिलाओं के सम्मान को लेकर भाजपा महिला मोर्चा सड़कों पर

## - नारी शक्तिवंदन अधिनियम के समर्थन में सांसद आवास का घेराव

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी सांसद जितेंद्र दोहरे के आवास का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष पर महिला विरोधी मानसिकता का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, नारी शक्ति का विरोध बंद करो, महिला विरोधी सोच मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। इस दौरान समाजवादी पार्टी, कांग्रेस तथा विपक्षी नेताओं के खिलाफ भी नारेबाजी की गई। महिला पदाधिकारियों के साथ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सांसद आवास के बाहर प्रदर्शन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने



के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है, लेकिन विपक्ष वोट बैंक की राजनीति के कारण इसका विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़े मुद्दों पर अब किसी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही विपक्षी सांसदों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने कहा कि जो राजनीतिक दल महिलाओं को उनका अधिकार देने के विरोध में खड़े हैं, जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। पूर्व भरथना विधायक सावित्री कठेरिया ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़े विषयों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए तथा जनप्रतिनिधियों को जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष विरला शाक्य ने आरोप लगाया कि विपक्ष हमेशा महिलाओं के अधिकारों को दबाने का कार्य करता आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में मजबूत भागीदारी देने का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिससे विपक्ष बौखलाया हुआ है। प्रदर्शन में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, सभासद पूनम पाण्डेय, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, जिला मंत्री मधु तोमर, लोकसभा अभियान संयोजक एवं महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नीतू नारायण मिश्रा, आकांक्षा गुप्ता, पूनम तिवारी, राधा पाल, प्रीति दुबे, सोनी कठेरिया, सोनिया चक, सीता मिश्रा, विनीता राजपूत, विनीता कुशवाहा, चंचल तिवारी, ऋचा मिश्रा, श्यामा राजपूत, गुड्डी वाजपेयी, एडवोकेट नेहा चौहान, एडवोकेट तनीषा गुप्ता, अनुराधा वर्मा, जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष .पानारायण तिवारी, संजीव भदौरिया, बासु चौधरी, अमित तिवारी, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, सह–कोषाध्यक्ष समीर सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सह–मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्य सहित महिला मोर्चा की बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

## - समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक शहर स्थित बीकानेर रेस्टोरेंट में



आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रतिष्ठित व्यापारी एवं व्यापार सभा के सदर विधानसभा अध्यक्ष अनिल सोनी ने की, जबकि संचालन व्यापार सभा के महामंत्री हरीश जौहरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत रहे। विशिष्ट अतिथियों में सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कमलेश चन्द, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राकेश यादव, पूर्व राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा अमित कठेरिया तथा समाजवादी गीत के नवोदित गायक एवं रचनाकार ध्रुव पाण्डेय शामिल रहे। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके बाद व्यापारियों ने अपने–अपने विचार व्यक्त किए। व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सोनी ने समाजवादी पार्टी के दिवंगत नेता पूरन सिंह यादव को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए जनहित में किए गए कार्यों का उल्लेख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में जिलाध्यक्ष राजीव चंदेल ने समाजसेवी प्रमित दीक्षित का सम्मान करते हुए उनकी निर्भीक शैली में जनता के मुद्दों को उठाने की सराहना की। व्यापारी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद के प्रदेश महासचिव आकाशदीप जैन के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता विक्की के सानिध्य में संपन्न हुआ। बैठक में व्यापारी नेता एवं समाजसेवी राहुल गुप्ता गींजा वाले, जिला उपाध्यक्ष राजा खानजादा, राजीव यादव, जैनुल आब्दीन, सर्वेश जोशी, संतोष सोनी तथा जसवंतनगर विधानसभा अध्यक्ष सुरेश चंद वर्मा ने व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर शहर उपाध्यक्ष शिवम सिंह, शहर सचिव आसिफ वारसी, लाइन पार प्रभारी दुष्यन्त कुमार, सुमित राठौर, रिजवान कुरैशी, विनीत वर्मा, हरिओम सिंह, ज्ञान सिंह तोमर, अजय कुर्मी, किन्ना यादव, विनोद सविता, गौरव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# मंत्री न बन पाए तो याद आया बुंदेलखंड : प्रवीण पांडेय

## - राज्य की मांग पर रहे खामोश, अब बता रहे बुंदेलखंड के साथ अन्याय
## - बुंदेलखंड राज्य निर्माण में सबसे बड़ी बाधा विधायक सांसद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पर्यावरण पहरूवा प्रवीण पांडेय ने बयान जारी करते हुए कहा कि वर्षों तक सत्ता में रहने वाले अनेक जनप्रतिनिधियों को कभी बुंदेलखंड राज्य निर्माण की याद नहीं आई। लेकिन जैसे ही मंत्री पद नहीं मिला, वैसे ही उन्हें बुंदेलखंड के साथ अन्याय दिखाई देने लगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की जनता अब नेताओं की अवसरवादी राजनीति को समझ चुकी है। पानी संकट, बेरोजगारी, पलायन, किसानों की बदहाली और युवाओं के भविष्य जैसे गंभीर मुद्दों पर वर्षों तक चुप रहने वाले लोग आज केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए बुंदेलखंड का नाम ले रहे हैं। प्रवीण पांडेय ने कहा कि वास्तविकता यह है कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण की सबसे बड़ी बाधा वही जनप्रतिनिधि रहे हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए कभी इस मांग को मजबूती से नहीं उठाया। यदि सभी विधायक और सांसद ईमानदारी से एकजुट होकर बुंदेलखंड राज्य के पक्ष में आवाज उठाते, तो आज स्थिति अलग होती। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड राष्ट्र समिति मिशन 2027 के तहत गांव–गांव जनजागरण अभियान चलाएगी और जनता को बताएगी कि अलग बुंदेलखंड राज्य ही क्षेत्र के विकास, रोजगार, जल संकट समाधान और युवाओं के भविष्य का स्थायी रास्ता है। सिंहासन खाली करो कि जनता आती है जनता से एकजुट होने का आह्वान उन्होंने बुंदेलखंड की जनता से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि लोग जाति और दल से ऊपर उठकर अपने अधिकारों के लिए संगठित हों और बुंदेलखंड राज्य आंदोलन को जनांदोलन बनाएं। अंत में उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के समर्थन में आइए, वरना सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।




# अतर्रा में वैल वैल्यू स्मार्ट स्टोर का शुभारंभ

## - बुंदेलखंड को मिला अपना मल्टी सेक्टर रिटेल स्टोर ब्रांड

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड अपने क्षेत्र झाँसी से स्टार्टर कंपनी वेल वैल्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने दतिया और झाँसी के बाद अतर्रा में भी अपना तीसरा मल्टी ब्रांड रिटेल स्टोर 10 मई को अतर्रा नगर में वैल वैल्यू स्मार्ट स्टोर'का भव्य शुभारंभ वैल्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेंद्र साहू, सुनील वर्मा सीईओ, शशिकांत खरे सीईओ द्वारा फीता काटकर किया गया। साथ ही वैल वैल्यू के फाउंडर लीडर अशोक प्रजापति, राजबहादुर, विनोद गौतम, राजेश दिवाकर, मोहित साहू, रमेश प्रजापति व स्टोर कि नींव अतर्रा में रखने वाले वैल वैल्यू सीनियर आईबीओ प्रेमा देवी, विनोद कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, संजुल द्विवेदी इंद्र प्रसाद त्रिपाठी, डॉ. श्याम मनोहर राव, डॉ. शरद श्रीवास्तव, डॉ. शारदा प्रसाद, सीमा कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, अमरजीत कुशवाहा, पुष्पेंद्र पटेल. .और अतर्रा से वैल वैल्यू आईबीओ मेंबर व अन्य लोकल नगर बीसियों करीब 500–600 लोगोँ ने उपस्थिति दर्ज कराने के साथ साथ खरीददारी कर 100 रूपए फ्री समान कूपन व 1 रूपए में 1 किलो शुगर, बासमती चावल, 5 केजी शुगर आफर का भी भरपूर लाभ उठाया। पहले दिन ही ग्राहकों की भारी भीड़



उमड़ी। वैल वैल्यू ने प्रबंधन द्वारा बताया गया इस अवसर पर कंपनी से महेंद्र साहू एमडी, सुनील वर्मा ने बताया कि वैल वैल्यू की स्थापना फरवरी 2020 में की गई थी। वर्तमान में कंपनी 4 प्रमुख सेक्टरों में कार्य कर रही है, जिसका सीधा लाभ अब अतर्रा व आसपास के क्षेत्र की जनता को मिलेगा। कंपनी चार सेक्टर में सेवा दे रही है। जिसमें ग्रोसरी सेक्टर स्टोर के पहले सेक्टर में ग्राहकों को 'गुड मॉर्निंग से लेकर गुड नाइट' तक का पूरा सामान मिलेगा। इसमें दाल, चावल, तेल, मसाले आदि सहित रोजमर्रा के किराने का हर सामान उपलब्धा रहेगा। दूसरे सेक्टर में टीवी, आरओ, कूलर, गीजर, पंखे समेत घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स व इलेक्ट्रिकल उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए जाएंगे। तीसरे सेक्टर में पुरुषों व बच्चों के कपड़ों की विस्तृत रेंज रखी गई है। उद्घाटन ऑफर के तहत सभी बड़े ब्रांडेड जेन्ट्स गारमेंट्स अब अतर्रा में 50 प्रतिशत– 70 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। सीईओ सुनील वर्मा ने जानकारी दी कि जल्द ही स्टोर में महिला गारमेंट्स का सेक्शन भी शुरू किया जाएगा। चौथे सेक्टर के अंतर्गत कंपनी द्वारा के द्वारा 10 बड़े प्रोजेक्ट झाँसी में हैं। कंपनी के सीएमडी अरुण कुमार साहू आवश्यक कार्य के कारण उपस्थित नहीं हो सके पर उन्होंने अतर्रा वासियों को अपना यह मेसेज दिया कि अभी तक बड़े ब्रांड का टार्गेट बड़े शहर होते रहे हैं। पर वैल वैल्यू बुन्देलखण्ड के हर बड़े शहर के साथ साथ छोटे कस्बों में भी अब वेल वैल्यू स्मार्ट स्टोर का प्रयास है कि ग्राहकों को शुद्ध सामान, सही दाम, बेस्ट ऑफर व बेहतर सेवा अब अतर्रा को भी मिलेगी।

# जिले में तकनीकी शिक्षा की नई शुरुआत

## - एआई, रोबोटिक्स व ड्रोन तकनीक का होगा लाइव प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिले में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति की




शुरुआत होने जा रही है। विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से 12 मई को एआई, रोबोटिक्स एवं एडवांस टेक एजुकेशन समिट का भव्य आयोजन किया जाएगा। एआईएमसत्या इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इस समिट में शिक्षा जगत की कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अनंत मिशन का आधिकारिक शुभारंभ रहेगा, जिसके माध्यम से जिले के विद्यार्थियों को नई तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम मंगलवार सायं 4 बजे आयोजित होगा, जिसमें जिले के प्रमुख शिक्षाविद, प्रधानाचार्य, तकनीकी विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं शामिल होंगे। आयोजन में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। समिट में प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. एनके शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में तकनीकी शिक्षा की आवश्यकता, बदलती वैश्विक चुनौतियों और विद्यार्थियों के भविष्य पर अपने विचार रखेंगे। इसके अलावा संस्थान के संस्थापक गोविंद सिंह, वाइस प्रेसिडेंट गौरव त्यागी तथा सीटीओ एवं सीओओ संजय सिंह तोमर आधुनिक तकनीकी शिक्षा मॉडल की विस्तृत जानकारी देंगे। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा आधुनिक तकनीकों का लाइव प्रदर्शन रहेगा। छात्र और शिक्षक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी, थ्री–डी प्रिंटिंग, वीएफएक्स तथा गेम डेवलपमेंट जैसी उन्नत तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से कार्य करते हुए देख सकेंगे। आयोजकों का कहना है कि इस समिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें भविष्य की तकनीकी दुनिया के लिए तैयार करना है। अनंत मिशन के तहत स्कूलों में ऐसा शिक्षा मॉडल लागू करने की योजना है, जिसमें विद्यार्थियों को किताबों के ज्ञान के साथ–साथ कोडिंग, एआई, रोबोटिक्स और अन्य आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे छात्र कम उम्र में ही तकनीकी रूप से दक्ष बन सकेंगे और भविष्य में रोजगार एवं नवाचार के नए अवसर प्राप्त कर सकेंगे। आयोजक मंडल के अनुसार यह समिट इटावा की शिक्षा व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी और जिले में टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षा की मजबूत नींव रखेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर एनके शर्मा, गोविंद सिंह, गौरव ज्ञानार्थी, पियूष, शिवानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

# डीआईजी के आदेश पर जनपद में चला सघन बैंक चेकिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में सोमवार को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान का उद्देश्य बैंकों, एटीएम एवं अन्य वित्तीय संस्थानों तथा उनके आसपास होने वाली आपराधिक घटनाओं जैसे लूट, छिनैती, चोरी एवं टप्पेबाजी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा बैंक शाखाओं, एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान सुरक्षा मानकों को चेक किया गया, जिसमें सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन अलार्म सिस्टम, अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास मार्ग आदि को जांचा गया। बैंक/एटीएम प्रबंधन को 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया तथा सहयोग बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही बैंक के सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराए जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित न हो और वाहन चोरी जैसी घटनाओं को नियंत्रित की जा सके। इस दौरान बैंकों व एटीएम के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े अथवा घूम रहे व्यक्तियों एवं वाहनों की भी जांच की गई तथा संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई।




# रोजगार मेले में 213 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल करियर सेंटर) के संयुक्त तत्वावधान में जिला सेवायोजन कार्यालय पक्का तालाब परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 07 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग करते हुए बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। मेले में कुल 362 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 213 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। रोजगार मेले में केयर हेल्थ नर्सेस प्राइवेट लिमिटेड में 47 प्रतिभागियों में से 25 का चयन किया गया, जबकि लिपकार्ट में 86 में से 57 अभ्यर्थियों को रोजगार मिला। श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स में 62 में से 33, टाटा मोटर्स में 23 में से 15, भारतीय जीवन बीमा निगम में 48 में से 26, एसबीआई लाइफ इटावा में 54 में से 29 तथा ग्लोबल सिक्योरिटी सर्विसेज में 42 में से 28 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले के दौरान मॉडल करियर सेंटर इटावा के यंग प्रोफेशनल दीपक कुमार सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी विकास मिश्रा सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# ओमनी कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

## - महिला समेत दो गंभीर घायल, चालक मौके से फरार

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मॉर्डन तहसील के



सामने सोमवार को तेज रतार ओमनी कार ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमल भाटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों की पहचान नगला सिंगमन निवासी 40 वर्षीय रवीना पत्नी संदीप खां तथा 40 वर्षीय रामनेश पुत्र महाराज सिंह के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक सवार किसी कार्य से कस्बे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आई ओमनी कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फरार वाहन की तलाश शुरू कर दी है। वहीं चिकित्सकों के अनुसार दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन में अभियुक्त को सजा व अर्थदंड

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने एक अभियोग में अभियुक्त को सजा एवं अर्थदंड से




दंडित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना सिविल लाइन पर पंजी.त मुकदमा अपराध संख्या 479/2019 धारा 279, 338 एवं 427 भारतीय दंड संहिता के मामले में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने अभियुक्त राजीव पारासर पुत्र सुभाषचंद्र निवासी सिंघावली थाना जसवंतनगर को कोर्ट उठने तक की सजा एवं 3 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस ने इसे प्रभावी पैरवी और त्वरित न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता बताया।

# मृतकों के परिवारीजनों से मिले बसपा जिलाध्यक्ष

## - पचास-पचास लाख रूपए मुआवजा दिलाए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मनीपुर में हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट एवं प्रयागराज मंडल प्रभारी अभिषेक प्रताप सिंह पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। दोनों नेताओं ने मृतकों के परिजनों को सांत्वना देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग उठाई। बसपा नेताओं ने बताया कि एक मई को ग्राम मनीपुर से बारात थाना असोथर क्षेत्र के अकबरपुर बड़वा गांव गई थी। बारात में शामिल सभी लोग एक ही वाहन में सवार थे। आरोप लगाया गया कि पुरानी रंजिश और बदनीयती के चलते यह घटना हुई, जिसमें उमेश कुमार पाल, शिवकरन पासवान उर्फ ननकवा पासवान व सानू पासवान पुत्र महेंद्र पासवान की मौत हो गई। हादसे में सुखराज पाल और अतुल सिंह पुत्र ओंकार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अतुल सिंह का इलाज कानपुर स्थित मधुराज हॉस्पिटल में चल रहा है। इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष ने मृतकों के परिजनों रघुराज पाल, धनराज पाल एवं महेंद्र पासवान समेत अन्य स्वजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग



की कि प्रत्येक मृतक परिवार को 50–50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा घायलों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 5–5 लाख रुपये की मदद दिलाई जाए। वीर प्रकाश लोधी ने कहा कि मामला बेहद गंभीर है और इसकी निष्पक्ष जांच कराया जाना नितांत आवश्यक है, ताकि घटना की वास्तविकता सामने आ सके।

# बाल संरक्षण समिति की बैठक में बच्चों की सुरक्षा व शिक्षा पर बना रोडमैप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। देहात संस्था के तत्वाधान में ग्राम पंचायत हरिहरपुर में बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके सर्वांगीण विकास हेतु ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में गांव को बालश्रम और बाल विवाह से मुक्त करने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रेखा सिंह ने की। इस दौरान सचिव अनिल कुमार पाण्डेय, प्रधानाध्यापक प्रतिभा सिंह, देहात संस्था से रचना मिश्रा, देवेश तिवारी और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन से सूरज तिवारी सहित पुलिस विभाग के प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी सीमा सिंह, आशा आश्मा और रोजगार सेवक नीतू सिंह उपस्थित रहे। समिति ने निर्णय लिया कि गांव के जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, उनका पुनः नामांकन कराया जाएगा व बाल विवाह और बाल मजदूरी जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए नियमित निगरानी और जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनाते हुए बच्चों के लिए गांव में एक सकारात्मक और सुरक्षित माहौल तैयार करने के साथ–साथ उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की योजना बनाई गई।

# कलेक्ट्रेट दरबार में फरियादियों की लगी कतार

## - डीएम ने सुनीं 74 अर्जियां, निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को



जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां दूर–दराज गांवों और कस्बों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के समक्ष रखीं। जनता की फरियाद सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों के त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, सड़क, पेंशन और अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में कुल 74 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट परिसर में पूरे समय फरियादियों की आवाजाही बनी रही और अधिकारी भी समस्याओं के समाधान को लेकर सक्रिय दिखाई दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को न्याय और राहत दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# भीषण सड़क हादसा, कार जलकर राख, कई घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। लखनऊ–बहराइच मार्ग पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रुकनापुर सुकून पुरवा स्थित मदरसे के सामने अर्टिगा और स्विट डिजायर की आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्विट डिजायर में आग लग गई और देखते ही देखते वह पूरी तरह जलकर राख हो गई।

जानकारी के अनुसार हादसे में कई लोग घायल हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। राहगीरों, मदरसे के उलेमा व स्थानीय ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए पुलिस के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को किसी तरह वाहनों से बाहर निकालकर तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के साथ यातायात को नियंत्रित किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर मार्ग को सुचारू कराया। प्रारंभिक जांच में तेज रतार को हादसे की वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए लखनऊ–बहराइच मार्ग पर यातायात बाधित रहा। स्थानीय लोगों ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# प्रशासन व पत्रकारों में बेहतर समन्वय के लिए स्थायी समिति का गठन जरूरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जनपद इकाई ने जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया के नेतृत्व में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण और प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए जिला प्रेस स्थायी समिति के पुनर्गठन और नियमित बैठकों की मांग की





गई है। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया ने बताया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा 30 जून 2025 को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि सभी जनपदों में जिला प्रेस स्थायी समिति का गठन कर उसकी मासिक बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएं। उन्होंने खेद जताते हुए कहा कि महोबा में पिछले तीन–चार वर्षों से इन बैठकों का सिलसिला थमा हुआ है, जिससे पत्रकारों के उत्पीड़न और अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान की उपस्थिति में एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रदेश का एक पंजी.त और प्रभावशाली संगठन है, जिसकी महोबा में तीन तहसील इकाइयां और लगभग 125 सदस्य सक्रिय हैं। पूर्व में जिलाध्यक्ष को इस समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल किया जाता था, लेकिन लंबे समय से बैठकें न होने के कारण संवादहीनता की स्थिति बनी हुई है। जिला प्रेस स्थायी समिति का तत्काल विधिवत गठन किया जाए। शासन के निर्देशों के अनुरूप हर माह नियमित बैठकें सुनिश्चित हों। पत्रकारों से संबंधित उत्पीड़न के मामलों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से मोहम्मद अजीज, राकेश पटेरिया, अरविंद अनुरागी, फैजान अली, इतखार अली, महेंद्र सोनी, सुरेश निराला, अनिल बाबू, तौसीफ खान, हनुमान शुक्ला, आनंद तिवारी, शान मोहम्मद, मकबूल खान, सलमान, हरि दर्शन, हरि सिंह वर्मा सहित संगठन के दर्जनों पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# कृष्णा पासवान के मंत्री बनने पर वकीलों ने बाटे लड्डू

## - खुशी का इजहार कर सरकार का जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। क्षेत्रीय विधायक के मंत्री बनाये जाने की खुशी खागा कचेहरी के वकीलों में भी देखने को मिली। .ष्णा पासवान के मंत्री बनाये जाने की खबर के बाद सोमवार को कचहरी खुलते ही वरिष्ठ अधिवक्ता रामसखा द्विवेदी के नेतृत्व में सैकड़ो वकीलों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर क्षेत्रीय विधायक के मंत्री बनाये जाने की एक दूसरे को बधाई दी। विधायक समर्थक वकीलों ने बताया कि खागा विधानसभा से चार बार की चयनित विधायक .ष्णा पासवान को मंत्री बनाकर भाजपा सरकार ने जिले के साथ खागा विधानसभा का भी मान बढ़ाया है। उनके मंत्री बनने के साथ जिले के विकास की गाड़ी और अधिक रतार से चलेगी। मालूम हो कि मंत्रिमंडल विस्तार में .ष्णा पासवान सहित आठ मंत्रियों ने मंत्री पद की शपथ ली है तभी से जारी जश्न का सिलसिला लगातार देखने को मिल रहा है। खागा विधायक के राज्यमंत्री बनने पर आज पूरा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस मौके पर रामसखा द्विवेदी, अरविंद पांडेय, इजराइल फ़ारूक़ी, प्रदीप मिश्रा, मनोज एडवोकेट, बब्बू यादव, बलवंत सिंह, सरोज पांडेय, आशुतोष पांडेय, अंशुमान शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, शालू अग्रहरि, सुमन, महेश सिंह, अरुण, अनूप कौशल, दुर्गेश अवस्थी, अखिलेश अग्रहरि, योगेश त्रिपाठी, अतुल मिश्रा, श्याम कुमार गुप्ता, पंकज एडवोकेट, राजा राजेंद्र सिंह



आशीष लोधी उर्फ सारंग, हरिओम, संदीप श्रीवास्तव, राहुल तिवारी, लक्ष्मीकांत अवस्थी, अंकित, धीरेंद्र, जितेंद्र राज योगेंद्र, एडवोकेट, बृजेश शुक्ला, .ष्ण कुमार एडवोकेट सहित समस्त कार्यकारणी व अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# गदे नाले व कीचड़ भरे रास्ते से निकलने को मजबूर ग्रामीण

## – सीसी रोड व नाली निर्माण कारवाये जाने की ग्रामीणों ने डीएम से मांग की

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद के मवई बुजुर्ग गांव के निवासियों ने जिलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर गांव में गंदे नाले के कारण बने कीचड़ भरे रास्तों की समस्या को उजागर किया है। ग्रामीणों ने कहा कि कई वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, जिससे रोजमर्रा की



आवाजाही और बच्चों के स्कूल जाने में काफी दिक्कत हो रही है। आवेदन में बताया गया है कि गांव में नाले का गंदा पानी रास्तों पर बहने से कीचड़ जमा रहता है। बारिश के मौसम में तालाब का पानी भी रास्तों पर आ जाता है। इससे न केवल आने–जाने वाले रास्ते बंद जैसे हो जाते हैं, बल्कि बच्चों को स्कूल पहुंचने में भी बहुत ही मुश्किल होती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि तुरंत स्थल का निरीक्षण कर रास्तों और नाली की मरम्मत/निर्माण कराया जाए, ताकि उनकी दैनिक परेशानी दूर हो सके ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की अपील की है। इस मौके पर श्यामबाबू, राजू वर्मा, राहुल, गीता, पचुवा प्रजापति, रामदुलारी, सुशीला, मैना, फूलकुमारी, शियापति, राजेन्द्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे हैं।

# एसपी ने मलवां थाने का किया औचक निरीक्षण

## - विवेचनाओं में गुणवत्ता व पारदर्शिता पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद की कानून–व्यवस्था को और अधिक चुस्त–दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना मलवां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ–सफाई, अभिलेखों के रख–रखाव, बैरक, पुलिस आवास, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कार्यालय, शस्त्रागार, भोजनालय, मिशन शक्ति केंद्र, मालखाना और हवालात का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने




अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा थाना परिसर में अनुशासन एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत एसपी ने थाना प्रभारी, उप निरीक्षकों एवं कार्यालय कर्मचारियों के साथ बैठक कर कानून–व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, विवेचनाओं की गुणवत्ता सुधारने तथा कार्यवाही में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि सीसीटीएनएस प्रणाली को नियमित रूप से अपडेट रखा जाए, ताकि अपराध एवं अपराधियों से संबंधित सूचनाओं का त्वरित आदान–प्रदान सुनिश्चित हो सके। साथ ही लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य किया जाए, जिससे आमजन का पुलिस पर विषास और मजबूत हो। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर भी मौजूद रहे।

# बजबजा रही नालियां, सफाई व्यवस्था बेपटरी

## - फैली बदबू से बीमारी का खतरा, सफाई कर्मियों पर लापरवाही के आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका



परिषद की लचर सफाई व्यवस्था के चलते शहर के कई मोहल्लों में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। जगह–जगह नालियां चौक होने से गंदा पानी सड़कों और गलियों में बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बदबू और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन पालिका प्रशासन पूरी तरह से आंखें मूंदे बैठा है। शहर के शादीपुर मोहल्ला, आवास विकास, गढ़वा, लाल बाजार और पाली मोहल्ला समेत कई वार्डों में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदा पानी जमा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सफाई कर्मी महीनों तक गलियों में नजर नहीं आते। न तो झाड़ू लगाई जाती है और न ही नालियों की सफाई कराई जाती है। इसके चलते मोहल्लों में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि बड़े–बड़े वादे करते हैं, लेकिन जीतने के बाद समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। कई बार शिकायत करने के बावजूद पालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और चौक पड़ी नालियों की सफाई कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा और बढ़ जाएगा।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488



# राजकीय आलू क्रय केंद्र खुला, 650.09 रुपए की दर से होगी खरीद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शासन की बाजार हस्तक्षेप योजना 2026–27 के तहत किसानों को राहत देने के उद्देश्य से जनपद में राजकीय आलू क्रय केंद्र की शुरुआत कर दी गई है। सोमवार को नवीन मंडी स्थल बांदा सागर रोड स्थित परिसर में आलू क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। यहां किसानों से 17 मई तक आलू की खरीद की जाएगी। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश पाठक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में किसानों से आलू खरीद के लिए केंद्र स्थापित किया गया है। केंद्र पर शासन द्वारा नामित एजेंसी उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हाफेड) के माध्यम से किसानों का आलू खरीदा जाएगा। किसानों को प्रति कुंतल 650.09 रुपये की दर से भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खरीद केंद्र पर केवल मानक के अनुरूप आलू ही स्वीकार किए जाएंगे। आलू का आकार 45 से 85 एमएम व्यास का होना चाहिए। इसके साथ ही आलू साफ, मजबूत, पका हुआ एवं रोगमुक्त होना आवश्यक है। मिट्टी लगे, कटे–फटे, हरे, धूप से प्रभावित अथवा खराब आलू की खरीद नहीं की जाएगी। केंद्र पर ही आलू की छंटाई और ग्रेडिंग की व्यवस्था की गई है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि किसानों को भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। आलू विक्रय के लिए आने वाले किसानों को आधार कार्ड, पंजीकरण अभिलेख और फोटो पहचान पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। क्रय केंद्र स्थापना के दौरान उद्यान विभाग एवं हाफेड के अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विजय कुमार चौरसिया, अखिलेश सिंह, डॉ. सुनील कुमार और हाफेड प्रतिनिधि श्रीधर भटनागर उपस्थित रहे। आलू बिक्री एवं अन्य जानकारी के लिए किसान क्रय केंद्र प्रभारी अखिलेश सिंह के मोबाइल नंबर 8756291705 तथा हाफेड प्रतिनिधि श्रीधर भटनागर के मोबाइल नंबर 7652088495 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ससुरालीजनों की पिटाई से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगा दी जान

## – दो माह पूर्व हुई थी शादी, पत्नी को लेने ससुराल गया था युवक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ससुरालीजनों की पिटाई से क्षुब्ध एक युवक ने गांव पहुंचकर जंगल में बने दूसरे मकान में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है कि युवक पत्नी को लेने के लिए ससुराल गया था। जहां उसके साथ ससुरालीजनों ने मारपीट कर दहेज की बाइक भी छीन ली थी। जिससे वह बेहद आहत था।

जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम रिठवां निवासी सुरेन्द्र पाल मौर्या का पुत्र विपिन मौर्या की षादी दो माह पूर्व कौशांबी जनपद के थाना भरवारी गांव कांधी निवासी शिवानी देवी के साथ हुई थी। बताते हैं कि चौथी के बाद से ही पत्नी अपने मायके में थी। सोमवार को पति उसको लेने गया तो किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर पत्नी व उसके परिवारीजनों ने उसे पीट दिया और दहेज में दी गई मोटरसाइकिल वापस लेकर घर से भगा दिया। जिससे पति बेहद आहत हो गया और घर आकर गांव के बाहर जंगल में दूसरे मकान में जाकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजन वहां पहुंचे तो फांसी पर लटका शव देख कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी मृतक के पिता ने दी है।

# 37 बालिकाओं का अंडर-16 खेल प्रशिक्षण हेतु चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित विशेष बैठक के उपरांत अंडर–16 वर्ग में क्रिकेट, एथलेटिक्स एवं वॉलीबॉल के लिए 37 बालिकाओं का चयन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अभिभावक सहमति के साथ विधिवत पंजीकरण पूर्ण किया। प्रशिक्षण 13 मई से प्रतिदिन प्रातः पांच बजे से सात बजे एवं सायं साढ़े चार बजे से सात बजे तक संचालित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य खेल के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भविष्य के रोजगार अवसरों को सशक्त आधार प्रदान करना है। बैठक में वरिष्ठ संरक्षक शिव स्वरूप, महानिदेशक एबी बाबू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके, जिलाध्यक्ष नमिता सिंह, कोच प्रिंस एवं खेल शिक्षिका पूजा गुप्ता उपस्थित रहीं। संस्था ने इसे ग्रामीण बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



# महिलाओं को किया जागरूक, हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत सोमवार को जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने महिलाओं को आत्मरक्षा के तरीकों के साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया। टीमों ने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन 1930 और पोर्टल की जानकारी साझा की। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं से बेझिझक शिकायत दर्ज कराने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लें। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित चौपालों में लोगों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निस्तारण का भरोसा भी दिलाया गया।

# चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा, चार शातिर गिरफ्तार

## - आरोपितों के कब्जे से जेवरात समेत नकदी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर कोतवाली व राधानगर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरतार किया है। थाना कोतवाली पुलिस और इंटेलिजेंस विंग की संयुक्त कार्रवाई में आरोपितों के कब्जे से चोरी के जेवरात, मोबाइल फोन, नकदी और घटना में प्रयुक्त सब्बल बरामद किया गया। पुलिस अब फरार एक अन्य आरोपित की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार गिरतार आरोपित संगठित गिरोह बनाकर सूने मकानों की रेकी करते थे और मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पहली घटना राधानगर थाना क्षेत्र की है। जहां 24 अप्रैल को अन्दौली पुलिया निवासी गुड्डू कुमार विष्वकर्मा के घर का ताला तोड़कर सोने–चांदी के जेवरात और दस हजार रुपये चोरी कर



लिए गए थे। इसके बाद पांच मई को जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर के पीछे रहने वाले प्रमोद साहू के घर से सोने की चेन, चांदी के सिक्के, बिछिया और 23 हजार रुपये पार कर दिए गए। तीसरी घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरम कॉलोनी गढ़ीवा की है। यहां आनंद त्रिवेदी परिवार सहित कार्यक्रम में गए थे। वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला और अलमारी का लॉकर टूटा पाया गया। चोर यहां से सोने–चांदी के जेवरात और करीब 50 हजार रुपये नकद ले गए थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मिट्ठनपुर ट्रैक के पास घेराबंदी कर चार आरोपितों को गिरतार कर लिया। गिरतार आरोपितों में रीशू पासवान निवासी झाऊपुर पुलिया, आशीष सिंह निवासी देवीगंज, दीपक कुमार उर्फ कमल निवासी नई बस्ती राधानगर, जगदीश सोनी उर्फ आजाद निवासी खुशवक्तराय नगर तथा भास्कर सोनी उर्फ गोलू निवासी राधानगर गाजीपुर रोड शामिल हैं। गिरोह का एक सदस्य शंकर पासवान मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 22 बिछिया, तीन जोड़ी पायल, तीन चांदी के सिक्के, तीन एंड्रायड मोबाइल फोन, दो अंगूठी, कमरबंद पेटी, सोने की बाली, लाकेट, गले की चेन, छह हजार रुपये नकद और चोरी में प्रयुक्त सब्बल बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह के सदस्य पहले भी कई चोरी की घटनाओं में जेल जा चुके हैं। मुख्य आरोपित रीशू पासवान पर कोतवाली नगर में गैंगस्टर समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब इनके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य घटनाओं में संलिप्तता की जांच कर रही है। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक रायसाहब यादव, भारत सिंह, अनीश शुक्ल, आजाद कुमार यादव समेत कोतवाली पुलिस टीम और इंटेलिजेंस विंग के प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा व उनकी टीम शामिल रही।

# जिले में रसोई गैस संकट पर व्यापार मंडल का प्रदर्शन

## - डिजिटल व्यवस्था पर उठाए सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में रसोई गैस की सुस्त आपूर्ति, बुकिंग के कई दिनों बाद भी डीएसी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) न मिलने तथा गैस एजेंसियों की कथित मनमानी के विरोध में सोमवार को उत्तम उद्योग व्यापार मंडल ने मोर्चा खोल दिया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष .ष्ण कुमार तिवारी के नेतृत्व में व्यापारियों व उपभोक्ताओं ने पेट्रोलियम एवं प्रा.तिक गैस मंत्री, भारत सरकार को संबोधित मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष .ष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि जिले में गैस वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उपभोक्ताओं को गैस बुक कराने के बाद 20 से 25 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसके बावजूद मोबाइल पर डीएसी कोड नहीं पहुंच रहा, जबकि वितरक बिना कोड के सिलेंडर देने से इन्कार कर रहे हैं। इससे आम लोगों के घरों में चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने मांग उठाई कि गैस बुकिंग के 48 घंटे के भीतर डीएसी कोड भेजा जाए और उसके 24 घंटे के अंदर उपभोक्ता के घर तक सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। व्यापार मंडल ने यह भी आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होम डिलीवरी के नाम पर उपभोक्ताओं से अतिरिक्त वसूली की जा रही है, जिस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। संगठन ने संयुक्त परिवारों की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया। व्यापारियों का कहना था कि एक घर–एक कनेक्शन नीति के चलते ऐसे परिवार परेशान हो रहे हैं, जहां अलग–अलग रसोई संचालित होती हैं। इसके अलावा शादी–विवाह और अन्य मांगलिक आयोजनों के दौरान तत्काल गैस उपलब्ध न होने से लोगों को ब्लैक में सिलेंडर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। व्यापार



मंडल ने प्रत्येक गैस एजेंसी में विशेष आयोजन सेल गठित करने की मांग की। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि तकनीकी खराबी अथवा नेटवर्क समस्या होने पर आधार या बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से वैकल्पिक वितरण व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही आबादी के बीच संचालित गैस गोदामों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने तथा गैस वितरण की निगरानी के लिए गठित जिला स्तरीय समिति में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग की गई। ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष मनोज साहू, श्रवण दीक्षित, धनंजय मिश्रा, प्रेमदत्त उमराव, जय किशन, अनिल महाजन, सौरभ गुप्ता, इसराइल अहमद, सलामत अली समेत बड़ी संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ड्रम चोरी कर भाग रहे ट्रैक्टर सवार चोरों को दौड़ाकर पकड़ा

## - पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली में लदे ड्रम बरामद कर चोरों को भेजा न्यायालय

न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी गांव



स्थित सड़क किनारे रखे डामर के खाली ड्रम चोरी से टैक्टर ट्राली में लादकर भाग रहे चार ट्रैक्टर सवार चोरों को पीड़ित तीरथ सिंह ने दौड़ाकर पड़क लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी के ड्रम बरामद कर न्यायालय भेज दिया है। क्षेत्र के रारी गांव निवासी तीरथ सिंह ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि भाई पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार हैं। उसका सड़क किनारे घर बना है। जहां डामर से भरे और खाली ड्रम रखे थे। तभी देर रात ट्रैक्टर ट्राली सवार चार लोग आए और खाली रखे तीन ड्रम ट्रैक्टर ट्रॉली में लादकर भागने लगे। तब उसके जेसीबी चालक पंकज और देखरेख करने वाले सुंदरम ने चोर चोर चिल्लाते हुए तीरथ सिंह को फोन किया। तब तीरथ सिंह दोनों लोगों को साथ लेकर बाइक से ट्रैक्टर सवार चोरों का पीछा किया। जिन्हें किशनपुर कस्बा समीप ग्रीन वैली होटल के पास घेरकर पकड़ लिया। जिन्होंने अपना नाम अमित निषाद पुत्र सुरेश चंद्र ग्राम मदद अलीपुर मजरे रामपुर, जितेंद्र निषाद, नीरज निषाद पुत्रगण दरबारीलाल ग्राम कुसेली थाना राजापुर चित्रकूट और चौथे ने आशीष निषाद पुत्र शिवऔतार ग्राम मुजफरपुर थाना किशनपुर बताया। जिन्हें पकड़कर थाने ले जाकर सौंप दिया। जहां पुलिस ने चोरों के पास से ट्रैक्टर ट्राली लदे तीन खाली ड्रम बरामद कर चारों चोरों को न्यायालय भेज दिया। थाना प्रभारी बच्चेलाल सरोज ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर चोरों को गिरतार कर न्यायालय भेजा गया है।

# हत्या के प्रयास के दोषी को तीन साल की सजा

## - बीस साल पुराने मामले में अदालत का फैसला, 10 हजार रुपये अर्थदंड लगाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत हत्या के प्रयास के एक पुराने मामले में अदालत ने दोषी अभियुक्त को तीन वर्ष के साधारण कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

थरियांव थाना क्षेत्र के रमवा गांव निवासी हजारी सिंह को एडीजे कोर्ट संख्या–01 ने दोषी करार दिया। मामला वर्ष 2006 का है। थाना थरियांव में उमेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने चाचा वीरेंद्रनाथ द्विवेदी के साथ सदर अस्पताल जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में हजारी सिंह और पिंटू सिंह ने उन पर गोली चला दी, जिससे वीरेंद्रनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले में धारा 307 / 34 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय भेजा था। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इस मामले की लगातार मॉनिटरिंग की गई। स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और एडीजीसी कल्पना देवी की प्रभावी पैरवी तथा सटीक साक्ष्य संकलन के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त हजारी सिंह को दोषसिद्ध ठहराते हुए सजा सुनाई। इस कार्रवाई में मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अष्विनी वर्मा, कांस्टेबल रोहित राजावत, जितेंद्र सिंह और विवेक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मामले के विवेचक उपनिरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी रहे, जबकि पैरवी कांस्टेबल सुधीर एवं कोर्ट मुहर्रिर महिला कांस्टेबल दीपशिखा ने की।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौफेरवा के समीप रविवार की रात ट्रक की चपेट में आ जाने से 22 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी सुरेश का पुत्र कुलदीप रविवार की शाम शहर सामान लेने आया था। रात लगभग साढ़े दस बजे लौटते समय जब वह चौफेरवा के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# रिंद नदी में नहाते समय युवक डूबा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम कपरिया ऊसर के समीप स्थित रिंद नदी में नहाते समय 25 वर्षीय युवक डूब गया। जिसका शव सोमवार की सुबह पुलिस ने बरामद करते हुए विच्छेदन गृह भेजा है। जानकारी के अनुसार कपरिया ऊसर गांव निवासी राम प्रकाश का पुत्र मन्नू सिंह रविवार की रात लगभग दस बजे रिंद नदी में नहाने गया था तभी वह गहरे पानी में चला गया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो रात भर उसकी तलाश करते रहे लेकिन शव नहीं मिला। सुबह मौके पर पुलिस के पहुंचने के कुछ देर बाद गोताखोरों ने घटनास्थल से ही शव को बरामद कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के ममेरे भाई हरिओम ने दी है।

# छत से गिरकर युवक ने तोड़ा दम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मौहार में रविवार की शाम छत से गिरकर 45 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार मौहार गांव निवासी सवनी का पुत्र पप्पू रविवार की शाम लगभग पांच बजे छत पर किसी काम से गया था। तभी अचानक पैर फिसल जाने के कारण सिर के बल नीचे गिर गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भतीजे रंजीत ने दी है।

# स्कूल में चला टीबी जागरूकता अभियान, छात्रों को बताए बीमारी के लक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सौ दिवसीय टीबी अभियान के अंतर्गत सोमवार को जयपुरिया स्कूल में स्कूल आधारित टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की टीम ने छात्र–छात्राओं को टीबी के प्रति जागरूक किया और बीमारी के लक्षणों व बचाव के उपायों की जानकारी दी।

जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में उप जिला क्षय रोग अधिकारी एवं डीपीटीएम ने विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से लगातार खांसी आ रही हो, बलगम या बलगम के साथ खून आ रहा हो, शरीर का वजन कम हो रहा हो, सीने में दर्द रहता हो अथवा बार–बार बुखार आ रहा हो तो उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में टीबी की जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच और उपचार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही निक्षय पोषण आहार योजना के तहत प्रत्येक टीबी मरीज को इलाज की अवधि तक प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता भी दी जाती है। कार्यक्रम के दौरान लक्षणयुक्त स्कूली बच्चों की पहचान कर उन्हें आगे की जांच के लिए टीबी अस्पताल में चेस्ट एक्स–रे हेतु संदर्भित किया गया, ताकि संभावित मरीजों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों ने छात्रों से अपील की कि वे टीबी संबंधी जानकारी को अपने तक सीमित न रखें, बल्कि परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक पहचान ही टीबी उन्मूलन की सबसे प्रभावी रणनीति है और सभी के सहयोग से टीबी मुक्त फतेहपुर एवं टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य जल्द हासिल किया जा सकता है।

# घर से लापता वृद्ध का खेत में मिला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दो दिन पूर्व लापता 70 वर्षीय वृद्ध का शव बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के कोरवां गांव के समीप खेत में पड़ा मिला। मृतक की पुत्री ने हत्या की आशंका जताई है। बताते चलें कि कानपुर नगर के थाना चकेरी निवासी स्व0 मदरू प्रसाद का पुत्र शिवलाल ऐयरफोर्स से सेवानिवृत्त थे। बताते हैं कि नौ मई की सुबह वह घर से सामान लेने के लिए निकले थे और लापता हो गए। दस मई को परिजनों ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर पुलिस ने बिंदकी कोतवाली के कोरवां गांव के समीप ग्रामीणों की सूचना पर एक वृद्ध का शव बरामद किया। सोशल मीडिया के जरिए परिजनों को इसकी जानकारी लगी। जिस पर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच मृतक की पहचान शिवलाल के रूप में की है। मृतक की पुत्री सुनीता के अनुसार उनके पिता की हत्या करके शव को फेंका गया है। हालांकि उसने किसी के ऊपर आरोप न लगाते हुए शक जाहिर किया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )